हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 30 जून 2026

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया


तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री


सोमवार की दोपहर सिम्स के ओपीडी में मरीजों की कतार लगी रही।

## खबर संक्षेप

### जिला पंचायत कृषि स्थायी समिति की बैठक आज

**बिलासपुर।** जिला पंचायत की कृषि स्थायी समिति की बैठक सभापति की अध्यक्षता में 30 जून को शाम 4 बजे से कृषि विज्ञान केंद्र सरकण्डा के सेमिनार हॉल में होगी। बैठक में कृषि व उद्यान विभाग अंतर्गत खरीफ 2026 की तैयारी पर चर्चा होगी। इसके अलावा बीज एवं उर्वरक तथा नैनो यूरिया-डीएपी भंडारण वितरण की स्थिति एवं तैयारी, पशु पालन, मतस्य पालन, सिंचाई विभाग, विद्युत विभाग एवं क्रेडा में क्रियान्वित किए जा रहे विभागीय योजनाओं के संबंध में चर्चा की जाएगी।

### रिटायर्डकर्मी को कुत्ते ने काटा, डाक्टर पर जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** मार्निंगवाक पर निकले रिटायर्डकर्मी को पालतू कुत्ते ने काटकर जख्मी कर दिया है। पुलिस ने कुत्ता मालिक डाक्टर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, तालापारा निवासी सीएसईबी से रिटायर्डकर्मी शेख अब्दुल सईद 28 जून को सुबह 6.30 बजे मार्निंगवाक पर निकले थे। वे पैदल घर लौट रहे थे, मगरपारा चौक के पास डाक्टर स्मृति लाल के पालतू कुत्ते ने उनके पैर को काटकर जख्मी कर दिया। डाक्टर ने अपने पालतू कुत्ते को लापरवाहीपूर्वक सड़क पर उपेक्षापूर्वक छोड़ दिया गया था। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर डाक्टर स्मृति लाल के खिलाफ बीएनएस की धारा 291 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### आनलाइन आवेदन 3 जुलाई तक

**बिलासपुर।** श्रम विभाग द्वारा संचालित छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल अंतर्गत अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना के तहत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों से शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए आवेदन आमंत्रित है। योजना के तहत इसके लिए विद्यार्थी 3 जुलाई तक आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। योजना के अंतर्गत श्रम विभाग में एक वर्ष पूर्व से पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के प्रथम दो बच्चों को कक्षा 6वीं में प्रवेश दिलाकर 12वीं तक चयनित उत्कृष्ट आवासीय विद्यालयों में निशुल्क शिक्षा दी जाएगी। पात्र विद्यार्थियों का चयन कक्षा 5वीं की परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार की जाने वाली प्रावीण्य सूची के अनुसार किया जाएगा। आवेदन प्रक्रिया 3 जुलाई तक जारी रहेगी। आवेदन के लिए श्रमिक पंजीयन कार्ड, मूल निवास प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, कक्षा 5वीं की अंकसूची, वर्तमान अध्ययन प्रमाण-पत्र, टीसी तथा स्व-घोषणा पत्र सहित आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। आवेदन स्वयं श्रमेव जयते मोबाइल एप, विभागीय पोर्टल, मुख्यमंत्री श्रम संसाधन केंद्र, जिला श्रम कार्यालय अथवा नजदीकी लोक सेवा केंद्र के माध्यम से कर सकते हैं।

33 केवी लाइन ब्रेकडाउन होने से घंटों बंद रही बिजली, कलेक्टर बंगले के पास गिरा विशाल पेड़

# बारिश ने खोली पोल, आधी रात तक शहर में ब्लैक आउट

### शाम से ठप रही बिजली सप्लाई, कई इलाकों में छाया अंधेरा

### मिनोचा कॉलोनी रोड पर ट्रांसफार्मर में लगी आग



**बिलासपुर।** झमाझम बारिश ने एक बार फिर शहर की बिजली व्यवस्था और मेंटनेंस की पोल खोल कर रख दी। हल्की आंधी के बाद जहां 33 केवी लाइन ब्रेकडाउन हो गया, वहीं कई इलाकों की बिजली रात 12 बजे के बाद तक बहाल नहीं की जा सकी। शाम से आधे शहर में अंधेरा छा गया। फ्यूज कॉल सेंटर की लाइनें 2 घंटे तक बिजी मोड़ पर रही और अधिकारियों ने फोन तक नहीं उठाया।



आसमानी बिजली का कहर शहर की विद्युत व्यवस्था पर गाज बनकर गिरी और शहर की बिजली सप्लाई ठप हो गई। शाम 5 बजे के बाद आधे शहर में अंधेरा छा गया और रात भर बिजली की आंखमिचौली ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया। बिजली चमकने के बाद तिफरा और मोपका सबस्टेशन से निकलने वाली 33 केवी लाइन में ब्रेक डाउन हो गया। तेज बारिश के थमने के बाद लाइनों को चालू कराया गया लेकिन बिजली फाल्ट और डंगाल गिरने की वजह से कई जगहों पर बिजली बंद रही है। बिरकोना से चांटीडीह के बीच 11 केवी में 9 इन्सुलेटर बर्स्ट हो गए, जिसके चलते अरपा पार की बिजली रात 12 बजे तक बहाल नहीं हो सकी। शनिचरी सबस्टेशन के सीटी बर्स्ट होने के कारण करीब 4 घंटे बिजली सप्लाई ठप रही है। इसके साथ ही कुदुदंड, मंगला, नेहरू नगर के आसपास के क्षेत्रों कई जगहों पर फाल्ट मिलने के कारण सप्लाई शुरू नहीं की जा सकी। सकरी क्षेत्र में आधी रात के बाद तक बिजली नहीं आने से अंधेरा रहा।

### इन इलाकों में रही बिजली ठप

शहर की ज्यादातर कालोनियों और मोहल्लों में सप्लाई ठप रही। इस दौरान सकरी नेचर सिटी, मंगला, अमन विहार, अल्का एवेन्यू, दीनदयाल कालोनी, नेहरू नगर, कुदुदंड, गोलबाजार, मसानगंज, हेमु नगर, विद्या नगर, राजीव प्लाजा, टिकरापारा, गणेश नगर, अयोध्या नगर, 27 खोली, दयालबंद जैसे इलाकों में बिजली देर रात तक ठप रही।

### वीवीआईपी जोन में लगा रहा अमला

लिंक रोड स्थित कलेक्टर बंगले के करीब तेज हवाओं की चपेट में आने के बाद ही एक विशाल पेड़ गिर गया, एलटी और 11 केवी लाइन भी टूट कर गिर गई, हालांकि वीवीआईपी इलाका होने के कारण बिजली अधिकारी और कर्मचारी पानी गिरने में भी काम करते रहे। पेड़ गिरने के कारण एक कार भी क्षतिग्रस्त हो गई और रात 10.30 बजे तक तारों को सुलझाने में ही बिजली विभाग का अमला लगा रहा।


सोमवार की शाम हुई बारिश के बाद पुराना बस स्टैण्ड रोड पर भरा पानी।

## झमाझम बारिश से भीगा शहर



झमाझम बारिश के बाद शहर में तरबतर हो गया। सोमवार को जहां सुबह से उमस भरी गर्मी ने बेहाल किया वहीं शाम होते ही मौसम का रूख बदलने लगा और शाम 5 बजे के बाद अचानक तेज हवा चलने लगी और अगले ही पल बारिश होने लगी। झमाझम बारिश ने शहर का यातायात भी प्रभावित किया, ओवरब्रिज और सड़क के किनारे लोगों ने बारिश थमने का इंतजार किया और इसके बाद सड़कें जाम हो गईं।

सोमवार को काले घने बादलों ने शहरवासियों को राहत की बारिश से सराबोर कर दिया, करीब डेढ़ घंटे तक हुई बारिश ने गर्मी और उमस से थोड़ी बहुत राहत दिलाई, हालांकि इसके बाद बुंदाबांदी का दौर जारी रहा, और लोगों ने बारिश में भींगने का आनंद लिया। खास बात यह है कि जहां सुबह से ही तेज धूप निकली और उमस के कारण लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी, लेकिन गरज चमक के साथ हुई बारिश ने लोगों की शिकायत दूर कर दी। मौसम विभाग के अनुसार अगले 4 दिनों तक जिले में बारिश के हालत बनने रहेंगें। जिसके कारण गर्मी से राहत मिल सकेगी।

### गरज से थर्राया आसमान

शाम को आसमान पर घने बादल मंडराने के बाद तेज गर्जना होने लगी और गड़गड़ाहट से आसमान थर्रा उठा। इस दौरान कई जगहों पर बिजली गिरने की सूचना है हालांकि किसी जान माल का नुकसान नहीं हुआ है। इस दौरान बारिश की रफ्तार तेज थी।

### द्रोणिका का असर

पंजाब से हरियाणा और उत्तर प्रदेश से बिहार के बीच द्रोणिका बनी हुई है। वहीं चक्रवाती परिसंचरण तेलंगाना और इसके आसपास के इलाकों में बनी हुई है। जिसके चलते बारिश होने की आशंका बनी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 4 दिन बारिश होने की प्रबल संभावना है। वहीं 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चल सकती है। इस दौरान कुछ इलाकों में बिजली गिरने की आशंका बनी हुई है।

# बगैर टोकन, किसानों को एकमुश्त मिलेगी खाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

तीन किश्तों में मिलने वाली खाद अब किसानों को एकमुश्त दी जाएगी। इतना ही नहीं, बल्कि सरकार ने खाद लेने के पहले टोकन कटवाने संबंधी बाध्यता को भी समाप्त कर दिया है। अब किसान अपनी जरूरतों के हिसाब से बगैर टोकन सहकारी समितियों से एक ही बार में पूरी खाद का उठाव कर सकेंगे।

मानसून की लेटलतीफी को लेकर किसानों में मायूसी जरूर देखी जा रही है, लेकिन उसी मायूसी के बीच सरकार ने किसानों के लिए राहत देने वाला निर्णय लिया है। सरकार ने सहकारी समितियों से खाद के उठाव के लिए टोकन कटवाने संबंधी बाध्यता को अब समाप्त कर दिया है। किसान सीधे सहकारी समिति पहुंचकर अपने कोटे की खाद एकमुश्त उठा सकेंगे। सरकार ने तीन किश्तों में खाद जारी करने वाले निर्णय को भी शिथिल करते हुए एकमुश्त खाद जारी करने संबंधी निर्देश दिए हैं। खाद का मनमाना उपयोग होने एवं कई किसानों द्वारा न केवल अपव्यय करने, बल्कि बाद में अधिक मूल्य में बेचने जैसी शिकायत पर रोक लगाने के उद्देश्य से तीन किश्तों में खाद जारी करने का निर्णय लिया था, लेकिन उस निर्णय को अब वापस ले लिया गया है। किसान अपनी जरूरत के हिसाब से अपने कोटे की पूरी खाद एक बार में ही उठा सकेंगे।

### खाद की मांगी गई मात्रा उपलब्धता पर निर्भर

सरकार ने किसानों को एकमुश्त खाद देने का निर्णय तो लिया है, लेकिन यह सहकारी समितियों में वर्तमान स्थिति में उपलब्ध खाद की किस्म व मात्रा पर निर्भर है। किसानों के द्वारा मांगी गई खाद अगर समिति में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है, तो मांगी गई पूरी मात्रा आसानी से उपलब्ध कराई जा सकेगी। जबकि भंडारण कम होने की स्थिति में सारे किसानों को ध्यान में रखते हुए खाद जारी की जाएगी, ताकि कोई किसान वंचित न रह सके।

### पिछले साल का देखा जाएगा आंकड़ा

किसानों को उनके रकबे के हिसाब से ही खाद जारी की जाएगी। सरकार ने एकमुश्त खाद उठाव की सुविधा तो जारी कर दी है, लेकिन किसान अपनी मर्जी से चाहे जितनी मात्रा में खाद नहीं उठा सकेंगे। सहिकारी समितियों में संबंधित किसान द्वारा बीते वर्ष उठाई गई खाद की मात्रा व उसके रकबे का भी आंकलन किया जाएगा, ताकि वितरण व्यवस्था संतुलित रहे।

### जरूरत के अनुसार खाद ले सकेंगे

किसानों को खाद का उठाव करने के पहले अब टोकन कटवाने की जरूरत नहीं होगी। इतना ही नहीं, बल्कि किसान अब तीन किश्तों में खाद का उठाव करने के बजाए एक बार में ही अपनी जरूरत के अनुसार सहकारी समितियों से खाद का उठाव कर सकेंगे। सरकार द्वारा किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

- **पीडी हथेश्वर,** डीडीए बिलासपुर

## पूर्व महापौर और संपदा अधिकारी पर लगा आरोप

# व्यापार विहार में जमीन घोटाला, परिवाद पर जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

- व्यापार विहार की दुकानों के साथ ही 10 से अधिक खाली प्लाटों के आबंटन का मामला

नगर निगम में व्यापार विहार की दुकानों के साथ ही 10 से अधिक खाली प्लाटों के आबंटन को लेकर एक बड़ा मामला सामने आया है। इस बार आरोप पूर्व महापौर रामशरण यादव, तात्कालीन संपदा अधिकारी राजेश देवांगन पर लगा है। कोर्ट में दायर परिवाद के आधार पर सिविल लाइन पुलिस जांच कर रही है। शिकायत है कि प्लाटों की खरीदी बिक्री को लेकर जमीन के खरीददारों निखिल अग्रवाल के अलावा रीता अग्रवाल, रितु अग्रवाल अमृति अग्रवाल तथा चित्रांगदा अग्रवाल द्वारा रिश्वत दी गई। हालांकि तत्कालीन कलेक्टर ने गड़बड़ी को देखते हुए प्लाट आबंटन को लेकर जारी टेंडर को ही निरस्त कर दिया। इसके बाद पैसे की वापसी को लेकर दोनों पक्षों में विवाद शुरू हो गया।

दरअसल 2020-21 में व्यापार विहार स्थित प्लॉट नंबर ए 23 की लगभग 7500 वर्ग फुट भूमि की रजिस्ट्री गणेश ट्रेडर्स के निखिल अग्रवाल के नाम से की गई थी।

▶▶शेष 4 पर

### संपदा अधिकारी ने भी की पुलिस में शिकायत

इस पूरे मामले में संपदा अधिकारी राजेश देवांदन पर भी लेनदेन के आरोप लगे हैं। हालांकि उसने स्वयं पुलिस अधीक्षक से बचाने की गुहार लगाई है। इसमें कहा गया है कि गणेश ट्रेडर्स के मोनू अग्रवाल के अलावा राजा, शरद और अखिलेश द्वारा अपने ऑफिस में कई बार बुलाकर धमकी दी जा रही है और दबाव बनाया जा रहा है। कई बार हमला भी किया गया । यहां तक कि बंधक बना कर महाराणा प्रताप चौक स्थित दुकान क्रमांक 01 को रजिस्ट्ररी करने बोला जा रहा है और एग्रीमेंट भी तैयार कर एक करोड़ 15 लाख नगद लिख दिया गया है।

### सारे आरोप गलत

इस मामले में जो भी आरोप लग रहे हैं वह गलत है। जब दुकानों का आबंटन हुआ ही नहीं और कोई भी खरीदी बिक्री हुई ही नहीं तो लेन देन का सवाल ही नहीं उठता। दुकानों के आबंटन के लिए जारी टेंडर भी निरस्त कर दिया गया था।

- **रामशरण यादव,** पूर्व महापौर

### परिवाद के आधार पर जांच चल रही

कोर्ट में दायर परिवाद के आधार पर जांच के लिए मामला पुलिस के पास आया है। जांच शुरू कर दी गई है।

- **निमितेश सिंह,** सीएसपी, सिविल लाइन

### दोषी पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए

मामले की जानकारी मिली है। इसमें निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और जो भी दोषी हो कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। निगम भी अपनी ओर से मामले में कमेटी बनाकर जांच कराएगा।

- **श्रीमती पूजा विधानी,** महापौर




# LAKHMI CHAND INSTITUTE OF TECHNOLOGY

LCIT GROUP OF INSTITUTIONS

**Near High Court, Raipur Road, Bodri, Bilaspur (C.G.)**

**Affiliated to CSVTU & Approved by AICTE**

THINK EDUCATION THINK LCIT




Scan For A Brighter Future

## ONLINE COUNSELLING PHASE - I

| Courses | Registration | Allotment | Admission |
|---|---|---|---|
| B.Tech | 30th June 2026 to 06th July 2026 | 10th July 2026 | 11th July 2026 to 15th July 2026 |

## Courses Offered

**B.Tech**
- CSE
- Civil
- Mechanical
- Electrical
- ET&T
- AI ML*

**M.Tech**
- CSE
- Civil (Environment)

**MBA**
- Human Resource
- Marketing
- Finance
- System
- Production & Operations

**MCA***
- Computer Science

## BILASPUR
Balaji Copiers, Mahamaya Chowk, Kamesh Chandrakar - 9039849285
Sarveshh Classes, Near Natraj Sweets, Sarkanda, Swati Suryawanshi - 8305050793
Budh Online Center, Masturi, Abhay Singh - 8839533390

## JANJGIR
Rohan Dewangan - 7000302399
Virendra Sharma - 7889932588

## RAIGARH
Cyber Home, Near Railway Station, Upesh Kashyap - 8103375133

## RATANPUR
Dream Academy, Near Prachin Kila, Gaurav Jaiswal - 7000370385

## Baloda
Nutan Photocopy, Baloda, Amit Awasthi - 8319985138

## AMBIKAPUR
Vaibhav Awasthi - 8982868880
Anvesh Pandey - 9630115395

## KORBA
Rahul Cyber Café, T.P. Nagar, Ashim Mukharjee - 9179353785

## MUNGELI
Ramanand Computer Centre, Infront of Pashu Chikitsalaya
Prashant Rajput - 7000857466, Nirmal Panigrani - 9993297453

## PENDRA
Speed Computer, In Front Govt. Girls School
Salim Raja - 9340838205
Mukesh Kaushik - 8435264400

## TAKHATPUR
Saurabh Computer, Barela Chowk
Tamradhvaj Vaishnav - 9575916622

## PLACEMENT HIGHLIGHTS

- **265+** Placements During 2024-2026
- **₹3.5 LPA** Minimum Package
- **₹5 LPA** Average Package
- **200+** Total Recruiters

## BEST PLACEMENTS



Saransh Rathore — ₹13.90 LPA — B.Tech CSE — INDIAN AIR FORCE



Aryan Agney — ₹13 LPA — B.Tech CSE — Dave AI



Soniya Jaiswal — ₹10 LPA — B.Tech CSE — Voyatek



Princy Agrawal — ₹10 LPA — B.Tech Civil — WATER RESOURCE DEPARTMENT (WRD)



Riya Kumari — ₹5.5 LPA — B.Tech ET&T — UBER

## OUR PLACEMENT PARTNERS

tcs TATA CONSULTANCY SERVICES | AMNEX | OMNEXIA TECHNOLOGY | AXIS BANK | ICICI Bank | ESAF SMALL FINANCE BANK Joy of Banking | Dave AI | adani CEMENT | & Many More

TRANSPORT FACILITY | COMPUTER LABS | EXPERT FACULTY | PLACEMENT ASSISTANCE | HOSTEL: BOYS & GIRLS | AC Labs | Wi-Fi Campus | Digital Classrooms

**+91 96850 91333, +91 95222 20113**

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस करेगी बिजली ऑफिस का घेराव आज

**सीपत।** मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र में बिजली, पानी, सड़क, खाद-बीज, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं बढ़ती महंगाई जैसी जनसमस्याओं को लेकर कांग्रेस पार्टी मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया के नेतृत्व में नवाडीह चौक पर धरना प्रदर्शन करेगी। इसके बाद बिजली विभाग के कार्यालय का घेराव प्रदर्शन में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, जनप्रतिनिधि और हजारों कार्यकर्ता शामिल होंगे।

### चोरी का असफल प्रयास एफआईआर दर्ज

**लोरमी।** वार्ड नंबर 4 बाजार पारा में एक मजदूरी करने वाली महिला के मकान में अज्ञात तत्व ने चोरी का असफल प्रयास करने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार वार्ड 4 बाजार मोहल्ले निवासी सुनीता पति घनश्याम रजक के घर में 27 जून रात्रि 7 बजे सांप घुस जाने से अपने घर में नहीं सोई। वह ताला लगाकर अपने भाई संतोष रजक के घर जाकर रात्रि में सोई थी। 28 जून को सुबह 6 बजे उठकर घर जाकर देखी तो उसके घर के बाहर लगे ताला को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा तोड़ने का प्रयास किया एवं खिड़की में लगे रोशनदान सीमेंट का जिसे तोड़कर अंदर घुसकर अंदर में लगे ताला को तोड़ने का प्रयास किया गया है। घर में चोरी नहीं हुई है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।

## निधन

### बेदिया बाई



**बिलासपुर।** ग्राम पेण्डरवा निवासी श्रीमती बेदिया बाई कश्यप पति स्व. गणेशराम कश्यप का 75 वर्ष आयु में सोमवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 30 जून को सुबह 10 बजे गृहग्राम के मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे परस राम कश्यप की माता एवं ओमप्रकाश, शिव प्रकाश, रामप्रकाश कश्यप की चाची थी।

### रजनीश कॉलवीन



**बिलासपुर।** ग्रीन पार्क कालोनी निवासी रजनीश कॉलवीन का 29 जून को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 30 जून को दोपहर 3 बजे कुदुदंड सिंधी कॉलोनी स्थित प्रभु की वाटिका के लिए निकलेगी।

# जब बालिकाओं की शिक्षा एक चुनौती थी, तब बनाई गई 'पुत्री शाला'

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

नए शिक्षा सत्र की आहट के साथ ही स्कूल परिसर फिर से गुलजार हो गए हैं। बच्चों की किलकारियों के बीच नगर के हृदय स्थल में स्थित एक ऐसी ऐतिहासिक धरोहर अपनी कहानी कह रही है, जिसने नगर की नारी शिक्षा की नींव रखी थी। सन् 1918 में जब समाज में बालिकाओं की शिक्षा एक चुनौती थी, तब नगर के दानवीर रामप्रसाद साव ने इस शाला की स्थापना की। अंग्रेजों के जमाने में निर्मित इस भवन का नाम भी बेहद सार्थक रखा गया पुत्री शाला। महामाया मंदिर के साये में स्थित इस स्कूल ने न केवल अक्षर ज्ञान दिया, बल्कि संस्कारों की पौध भी रोपा। आज इस संस्थान को बने 100 वर्ष से अधिक का समय बीत चुका है।

हाल ही में अपनी पुरानी यादें ताजा करने पहुंचीं 80 वर्षीया श्रीमती कंचनलता जैन बताती हैं कि स्कूल का मुख्य द्वार आज भी वैसा ही है जैसा उनके बचपन में था। वे याद करती हैं, भीतर खपरैल वाले कमरे थे, जहां कक्षा पहली से पांचवीं तक की पढ़ाई होती थी। दीवारों की जगह लकड़ी की खूबसूरत जालियां लगी थीं और बीच में छोटा सा खेल का मैदान था। इस शाला की वास्तुकला भी अनूठी है। इसके मुख्य द्वार पर मंदिरों की तर्ज पर तीन भव्य गुंबद बने हैं। परिसर के भीतर एक संत की समाधि भी है, जो इसकी प्राचीनता और पवित्रता को दर्शाती है। यह स्कूल मुंगेली की महिलाओं के लिए केवल एक भवन नहीं, बल्कि भावनाओं का केंद्र है। छुट्टियों में जब विवाहित महिलाएँ अपने मायके आती हैं, तो वे अपने बच्चों और नाती-नातिनों को महामाया मंदिर के दर्शन कराने के साथ इस स्कूल को भी जरूर दिखाती हैं। 90 वर्षीया श्रीमती सरला शुक्ला बताती हैं कि उनकी ननंदें रज्जो बाई, कुसुमलता और पुष्पलता इसी स्कूल की छात्राएं रही हैं। आज की पीढ़ी को अपनी पुरानी क्लास दिखाना इन बुजुर्ग महिलाओं के लिए गर्व का क्षण होता है।

## स्कूल का मुख्य द्वार सौ साल बाद भी जस की तस

### ऐतिहासिक रिकॉर्ड और गौरवशाली नाम

स्कूल के पास सन 1926 से लेकर अब तक का लिखित रिकॉर्ड (दाखिल-खारिज) सुरक्षित है। रिकॉर्ड के पन्नों में दर्ज पुराने नाम जैसे नेम कुंवर बाई, शांति बाई, तारा बाई और रज्जो बाई इस शाला की गौरवगाथा कहते हैं। पूर्व छात्राएं सुशीला कोटडिया 72 वर्ष, शांति कोटडिया 69 वर्ष और मंजू कोटडिया 63 वर्ष आज भी अपने पुराने दिनों को याद कर भावुक हो जाती हैं।



### अनुशासन की नींव रखने वाली शिक्षिकाएं

छात्राओं ने उन शिक्षिकाओं को भी कृतज्ञता के साथ याद किया, जिन्होंने उनके व्यक्तित्व को गढ़ा, जिनमें प्रमुख नाम हैं, श्रीमती शांति शुक्ला, सी. मसीह, अहिल्या जोगी, रामदुलारी ठाकुर, चन्द्रमुखी अग्रवाल, शीला पाठक, मोलिनी विकई का है। पूर्व प्रधान अध्यापिका चन्द्रमुखी अग्रवाल बताती हैं कि एक समय यहां 14 से 16 शिक्षकों का स्टाफ हुआ करता था और छात्राओं की संख्या 500 तक पहुंच जाती थी। 110 वर्षों के गौरवशाली इतिहास वाली इस शाला को सन 2008 में शासन की संविलियन नीति के कारण चुनौतियों का सामना करना पड़ा। सह-शिक्षा को बढ़ावा देने के नाम पर जब इसका स्वरूप बदला गया, तब से यहां छात्राओं की संख्या में कमी देखी गई है। बदले समय के साथ भले ही भवन और व्यवस्थाएं बदल गई हों, लेकिन पुत्रीशाला के प्रति नगरवासियों की श्रद्धा आज भी वैसी ही है। शहर की आधी से ज्यादा आबादी की महिलाओं ने यहीं से शिक्षा का पहला पाठ पढ़ा है, जो आज विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान बना चुकी हैं।

### बारिश की लेटलतीफी से उपज कम होने की समस्या

# मानसून के इंतजार में पिछड़ रही खेती, किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

सक्रिय मानसून के इंतजार में पिछड़ रही खेती से परेशान किसानों के माथे पर शिकन साफ देखी जा सकती है। मानसून की बेरूखी का आलम यह है कि जिले में अब तक बुआई की बोहनी नहीं हो पाई है। जून माह समाप्ति की ओर है, बारिश नहीं होने से किसान परेशान है। पिछड़ रहे मानसून ने एक बार फिर जिले में खेती किसानी के कार्य को पीछे कर दिया है।

क्षेत्र में कृषि अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार है, लेकिन गत वर्ष उम्मीद जगाने के बाद इस साल मानसून अब तक रूठा हुआ है। इस साल अब तक मानसून के लिए अनुकूलित हालात नहीं बने है। यही वजह है कि 27 जून के बाद भी अब तक जिले में मानूसन ने दस्तक नहीं दी है। तेज हवाओं एवं हल्की बारिश के साथ एक–दो बार की हुई हल्की बारिश ने उम्मीद जगाई है लेकिन भीषण गर्मी से लोगों को निजात दिलाने किसानों में खेती किसानी कार्य के लिए उम्मीद जगाने में यह बारिश काफी नहीं है। किसानों में वह विश्वास नहीं जग पा रहा है कि बेफिक्र होकर कृषि कार्य कर सके। बारिश नहीं होने से खेती का काम पिछड़ गया है। बारिश की लेटलतीफी से उपज कम होने एवं समय पर फसल पकने आदि की समस्या हो जाती है, जिससे उत्पादन लागत बढ़ जाती है और उत्पादन भी प्रभावित हो जाता है।



बारिश की आस में खेत में बैठा किसान।

किसानों ने बताया कि बारिश नहीं होने के कारण अभी तक कृषि कार्य की बोहनी भी नहीं हो सकी है।

जिले में लगभग 1 लाख से अधिक किसानों की निगाहें जुताई–बुआई के लिए अभी भी आसमान की ओर टिकी हुई है। लिहाजा अभी काफी लंबा समय है। लेकिन शुरूआती दौर में ही मानसून के रूठने से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ दिखाई दे रही है। मानसून सक्रिय नहीं होने का असर जिले के कृषि कार्य में साफ तौर पर देखा जा सकता है। मानसून ने जिले में दस्तक न दी हो लेकिन एक–दो बार की हल्की बारिश ने किसानों की कुछ उम्मीदें अभी भी जगाए रखी है। नियमित रूप से बारिश नहीं होने की वजह से कृषि कार्य के लिए अनुकूल मौसम नहीं बन पा रहा है।

### कृषि कार्य प्रभावित

जिले में अधिकांशतः कृषि भूमि में धान की फसल ली जाती है। समय पर बारिश नहीं होने से कृषि कार्य प्रभावित होता है। किसान खेतों में कम पानी वाले धान के बीज की बोनी कर सकते हैं। मूंगफली, दलहन, तिलहन की फसल भी ले सकते हैं, जिसमें कम पानी की आवश्यकता होती है।

–**वीणा ठाकुर,**
उपसंचालक कृषि मुंगेली

### उधार के पानी से लगाया थरहा, वह भी सूखने लगा

**तखतपुर।** क्षेत्र में किसानों ने उधार के पानी से खेतों में थरहा तो लगा लिया है पर बारिश नहीं होने से अब वह खेत भी सूखने लग गए हैं। खेतों में दरारें पड़ने लग गई हैं जिसके कारण थरहा भी सूखने लगा है। हमेशा की तरह 15 जून तक बारिश शुरू हो जाती थी और किसान कृषि कार्यों में लग जाता था। किसानों ने खाद की व्यवस्था तो कर ली है पर अब तक बारिश का पता पता नहीं है। बारिश नहीं होने के कारण किसान बहुत चिंतित हैं। कुछ कृषक ऐसे भी हैं जो समय पर खेती शुरू हो जाए यह सोचकर उधार लेकर थरहा लगा लिया है पर अब बारिश नहीं होने के कारण उन खेतों में दरार आ गई है और जिस थरहा का रोपा लगना था वह सूखने लगा है। बारिश नहीं होने से किसानी कार्य पिछड़ने लगा है। बहुत सारे ऐसे खेत भी हैं जहां पर ट्रैक्टर चलवाया गया है और अब बारिश का इंतजार है। सूखे पड़े खेत किसानों के लिए परेशानी का सबक बने हुए हैं। अगर बारिश समय पर नहीं आई तो बीज डले इन खेतों की हरियाली सूखते ही पक्षी अपना चारा बना कर खेतों तक पहुंच जाएंगे।





## राहुल प्रियंका सेना मध्यप्रदेश कांग्रेस के महामंत्री बने शर्मा

**अमरकंटक।** कांग्रेस नेता श्रीधर शर्मा को राहुल प्रियंका सेना मध्यप्रदेश कांग्रेस का महामंत्री नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा की सहमति से की गई है।

मूलतः अमरकंटक से जुड़े श्रीधर शर्मा लंबे समय से कांग्रेस संगठन में सक्रिय रहकर विभिन्न महत्वपूर्ण दायित्व निभाते रहे हैं। बिलासपुर, अमरकंटक और अनूपपुर सहित क्षेत्र के अनेक आंदोलनों में उन्होंने सक्रिय भागीदारी निभाई है। बिलासपुर रेलवे जोन के आंदोलन में भी वे 13 दिन आमरण अनशन के बाद 31 दिन जेल में रहे। नियुक्ति पर उन्होंने कहा कि वे संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा युवाओं को कांग्रेस से जोड़ने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे।

### लापता युवती का जंगल में मिला था शव, हत्या का आरोप

**कोरबा।** एक दिन पहले ही लापता युवती की लाश वनांचल क्षेत्र से पुलिस ने बरामद किया था। जिसके बाद सोमवार को मृतिका के परिजन बड़ी संख्या में बालको थाना पहुंच गए और मामले में हत्या का आरोप लगाते हुए आरोपी को तत्काल गिरफ्तार कर उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही करने की मांग करने लगे जिसके बाद जहां थाना प्रभारी ने मृतिक के परिजनों को आश्वासन दिया। जिसके बाद ग्रामीणों ने इस मामले की शिकायत के लिए एसपी कार्यालय पहुंचे और मामले की शिकायत की है। वहीं पुलिस का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच हो रही है पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मामले में त्वरित कार्यवाही की जाएगी।



## खबर संक्षेप

### पूर्व मंत्री यादव की जयंती पर कार्यक्रम आज



**बिलासपुर।** रावत नाच महोत्सव समिति द्वारा स्व. बी.आर.यादव की 30 जून को जयंती मनाई जाएगी। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस अवसर पर बृहस्पति बाजार स्थित स्व. बी.आर. यादव की प्रतिमा के पास सुबह 10 बजे कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसमें स्व. यादव द्वारा बिलासपुर एवं यादव समाज के लिए किए गए कार्यों को याद किया जाएगा। इस अवसर पर यादव समाज, जिला कांग्रेस कमेटी एवं रावत नाच महोत्सव समिति के सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### गोस्वामी तुलसीदास की प्रतिमा की साफ-सफाई



**बिलासपुर।** ई राघवेंद्र राव सभा भवन में स्थापित संत गोस्वामी तुलसीदास के प्रतिमा के आसपास फैली गंदगी तथा धूल आदि की साफ सफाई की गई। नारायण प्रसाद पाली ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक व्यक्तित्व के धनी कवि, शीतल पाटनवार गायत्री परिवार के वरिष्ठ परिजन ने स्वयं के साधन से संत गोस्वामी तुलसीदास की प्रतिमा के आसपास साफ सफाई और रंग रोगन कार्य कराया गया। उन्होंने बताया कि हमारा यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### भाजपाइयों ने सुनी मोदी के मन की बात



**बिलासपुर।** बांधवगढ़ नेशनल पार्क क्षेत्र के ग्राम ताला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' के 135वें संस्करण का सामूहिक श्रवण भाजपा जिला उपाध्यक्ष अजीत सिंह भोगल की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम के दौरान श्री मोदी ने पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, स्वच्छता, 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान, स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा, युवा शक्ति, नवाचार तथा जनभागीदारी जैसे विषयों पर प्रेरक विचार साझा किए। उन्होंने प्रकृति के संरक्षण, सामाजिक दायित्वों के निर्वहन तथा विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। कार्यक्रम में जिला भाजपा मंत्री चंदन गोस्वामी, युवा मोर्चा अध्यक्ष वैभव गुप्ता, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ संयोजक अमित चतुर्वेदी, वार्ड क्रमांक 17 नेहरू नगर के पार्षद कार्तिक यादव, वार्ड प्रभारी सुभाष तिवारी, मीनाक्षी यादव, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अमर राजपूत, भाजपा युवा मोर्चा कार्यालय मंत्री पंकज जयसवाल, श्रद्धा तिवारी, अमित बजाज, गुलशन खांडेकर आदि मौजूद थे।

### दो दिवसीय श्री सदगुरू कबीर प्रगट उत्सव का समापन



**बिलासपुर।** दो दिवसीय श्री सदगुरू कबीर प्रगट उत्सव 27 और 28 जून को श्री सदगुरू कबीर गुरू धर्मदास मंदिर जरहाभाठा में आयोजित किया गया। मंडल के कार्यक्रम अध्यक्ष मुन्ना दास मानिकपुरी ने बताया कि 27 जून शनिवार को सुबह 9 बजे गुरू महिमा पाठ सत्संग भजन किया गया। 28 जून रविवार को कबीर सत्संग भजन दोपहर 2.30 बजे से सात्विक यज्ञ चौका आरती की गई। इसमें पूजा अर्चना कर समाज व प्रदेश की खुशहाली की कामना की गई। इस दौरान कबीर पंथ समाज सामूहिक विवाह समारोह आमीन माता महिला मंडल द्वारा किया गया। इसमें समाज के कई जोड़ों का विवाह समाज की रीति रिवाज से महंतों की उपस्थिति में कराया गया। शोभा यात्रा निकाली गई। इसमें छग के बिलासपुर सहित अन्य जिलों से भी समाज के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में अमरू दास दीवान, केदार महंत, कुंजू दास, मन्नू चतुर्वेदी, बहोरन दास, गणेश साहू, सुमित दास, मुकेश दास, हीरा दास, दिलहरण दास, योगेश साहू, सोनू दास, राकेश जगत, सुखीन बाई आदि का सहयोग रहा।

## पृष्ठ 1 का शेष

### व्यापार विहार में जमीन घोटाला...

इसमें शासकीय दस्तावेजों में छेड़छाड़ कर मुख्य सड़क मार्ग के सामने की 7288.54 वर्ग फुट भूमि ( 131.8 x 55.3 वर्ग फुट ) का सीमांकन कर दिया गया। इससे प्लॉट नंबर ए 23 की अतिरिक्त भूमि 5301 वर्ग फुट भूमि की कीमत घटकर आधी रह गई। प्लॉट ए 23 की रजिस्ट्री निखिल अग्रवाल के नाम पर हो चुकने के बाद रोड में फ्रंट नहीं दिखाया जा सकता था, इसलिए पीछे की जमीन के लिए टेंडर किसी ने भी नहीं भरा। इसमें भी बाद में मिलीभगत की गई और प्लॉट नंबर ए 23 की शेष 5301 वर्ग फुट भूमि भी निखिल अग्रवाल के नाम पर रजिस्ट्री कर दी गई। इसके बाद दीनदयाल गार्डन के सामने की चार प्लाटों पर इनकी नजर पड़ी।

### संपदा अधिकारी के घर पर..

परिवाद के अनुसार नगर निगम बिलासपुर द्वारा जारी निविदा में भाग लेने वाले प्रत्येक निविदाकारों द्वारा भरे गए टेंडर फॉर्म चोरी चुपके निगम के तत्कालीन संपदा अधिकारी राजेश देवांगन द्वारा अपने घर पर खोले गए। निविदाकारों द्वारा भरे गए टेंडर रेट का मिलान करने के बाद रीता अग्रवाल, अमृति अग्रवाल रीतू अग्रवाल, चित्रांगदा अग्रवाल तथा गणेश ट्रेडर्स के मालिक निखिल अग्रवाल के नाम से कोरे टेंडर फॉर्म पुनः भरवाए गए। इसके अलावा उक्त जमीनों के टेंडरों को एमआईसी से पास करवाने के बाद सामान्य सभा में भेजने के लिए तत्कालीन महापौर रामशरण यादव की मदद ली गई। लेकिन कलेक्टर ने टेंडर प्रक्रिया में गड़बड़ी होने के शक पर टेंडर को रोक दिया । इसके बाद पांचों खरीददारों ने रिश्वत की वापसी के लिए संपदा अधिकारी राजेश देवांगन दबाव डालना शुरू कर दिया।

# पौने चार लाख बच्चों ने छोड़ी अपनी पढ़ाई, अब घर-घर होगी तलाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अलग खबर

प्रदेश में स्कूल छोड़ चुके बच्चों को दोबारा शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए समग्र शिक्षा मिशन एक बड़ा अभियान शुरू करने जा रहा है। इसके तहत 'लइका चिन्हारी' नाम से विशेष ऐप लॉन्च किया जाएगा, जिसकी मदद से शाला त्यागी बच्चों की पहचान कर उन्हें फिर से स्कूलों तक पहुंचाया जाएगा। राज्य कार्यालय की ओर से इस योजना का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा गया है। मंजूरी मिलते ही अभियान शुरू कर दिया जाएगा। नए शिक्षा सत्र से इसे लागू करने की तैयारी की जा रही है।

जानकारी के मुताबिक, प्रदेश के सभी 33 जिलों में करीब 3 लाख 70 हजार ऐसे



बच्चों को चिन्हित किया गया है, जो किसी न किसी कारण से नियमित रूप से स्कूल नहीं पहुंच रहे हैं। इनमें लगभग 1 लाख 77 हजार बच्चे ऐसे हैं जिनका आधार कार्ड और अन्य शैक्षणिक रिकॉर्ड तो दर्ज हैं, लेकिन वे लंबे समय से स्कूल नहीं आ रहे हैं। 'लइका बिन्हारी' अभियान का मुख्य फोकस ऐसे ही बच्चों पर रहेगा।

अधिकारियों के मुताबिक योजना के तहत प्रत्येक क्षेत्र में मानसेवी कार्यकला नियुक्त किए जाएंगे। इन्हें ऐप आधारित आईडी और पासवर्ड उपलब्ध कराया जाएगा। ये कार्यकर्ता घर-घर जाकर बच्चों को खोज करेंगे, उनके स्कूल छोड़ने के कारणों का पता लगाएंगे और अभिभावकों से संपर्क कर उन्हें दोबारा स्कूल भेजने के लिए प्रेरित करेंगे। केवल स्कूल में दाखिला कराना ही नहीं, बल्कि बच्चों का पढ़ाई में मन लगने तक उनकी लगातार निगरानी भी की जाएगी।

### एडमिशन से लेकर पढ़ाई तक होगी लगातार निगरानी

- 1 लाख 77 हजार बच्चे ऐसे हैं जिनका आधार कार्ड और अन्य शैक्षणिक रिकॉर्ड तो दर्ज हैं, लेकिन वे लंबे समय से स्कूल नहीं आ रहे हैं
- 'लइका चिन्हारी' नाम से विशेष ऐप लॉन्च होगा जिसकी मदद से शाला त्यागी बच्चों की पहचान कर उन्हें फिर से स्कूलों तक पहुंचाया जाएगा

### विशेष कक्षाएं भी संचालित की जाएंगी

समग्र शिक्षा के अधिकारियों के अनुसार, जिन बच्चों की पढ़ाई लंबे समय से छूटी हुई है, उनके लिए विशेष कक्षाएं भी संचालित की जाएंगी ताकि वे अपनी कक्षा के स्तर तक पहुंच सकें। वर्तमान में 'लइका चिन्हारी' ऐप की विद्या समीक्षा केंद्र में टेस्टिंग की जा रही है। तकनीकी परीक्षण पूरा होने के बाद इसे प्रदेशभर में लागू किया जाएगा।इसके तहत शाला त्यागी बच्चों की डिजिटल पहचान होगी। मानसेवी कार्यकर्ता घर-घर सर्वे करेंगे और ऐप पर च्चों की ऑनलाइन ट्रैकिंग होगी। इसके अलावा स्कूल वापसी तक नियमित फॉलोअप करते हुए कमजोर बच्चों के लिए विशेष कक्षाएं लगाईं जाएंगी।

### ड्रॉपआउट बच्चों के आंकड़ों में कमी आएगी

ध्यान रहे कि प्रदेश में वर्तमान में 30 हजार 700 से अधिक सरकारी स्कूल संचालित हैं, जिनमें 40 लाख से ज्यादा विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। इसके बावजूद ड्रॉपआउट की समस्या पूरी तरह समाप्त नहीं हो सकी है। शिक्षा विभाग के आंकड़ों के अनुसार, प्राथमिक स्तर पर ड्रॉपआउट दर 1.21 प्रतिशत, मिडिल स्तर पर 4.76 प्रतिशत और हायर सेकेंडरी स्तर पर 7.70 प्रतिशत है। अधिकारियों का दावा है कि 'लइका चिन्हारी' अभियान शुरू होने के बाद इन आंकड़ों में उल्लेखनीय कमी आएगी।

### तैयारी शुरू

यह पहल केवल बच्चों को स्कूल स्कूल वापस लाने तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि उन्हें लगातार शिक्षा से जोड़े रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। अब सिर्फ नामांकन नहीं, बच्चों के स्कूल में टिके रहने पर फोकस रहेगा। ऐसा पहली बार है जब ऑनलाइन माध्यम से बच्चों की ट्रैकिंग करने की व्यवस्था शुरू की जा रही है। केंद्र के साथ बैठक भी हो चुकी है। मंजूरी मिलते ही अभियान की शुरुआत की जाएगी। इसे लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

**- किरण कौशल,** आयुक्त, समग्र शिक्षा मिशन

### रेलवे स्टेशन जाने वाली सड़क पर गड्ढे में पानी भरने के कारण काम में ढिलाई

# बारिश में बार-बार धुल रहा सीमेंट, 20 मीटर सड़क पर काम चलाऊ वर्क






हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेलवे स्टेशन जाने वाली सड़क पर गड्ढे. में पानी भरने के कारण बार-बार काम चलाऊ सीमेंट डालकर पाटने का काम किया जा रहा है, जो लगातार पानी में धुलने से खराब हो रहा है। 20 मीटर की सड़क के अलावा रेल प्रशासन को दूसरी सड़क दिखाई नहीं दे रही है।

रेलवे में 392 करोड़ रुपए की लागत से जोनल स्टेशन को एयरपोर्ट की तर्ज पर बनाने का काम किया जा रहा है। इसमें पुरानी बिल्डिंग के सामने नई बिल्डिंग का स्ट्रक्चर खड़े कर दिया गया है। इस प्रोजेक्ट में एक कार्य सड़क की चौड़ीकरण का भी है। व्यापार विहार से तारबाहर होते हुए रेलवे स्टेशन की ओर जाने वाली सड़क को करीब 45 फीट से अधिक चौड़ीकरण करने का कार्य करने के लिए रेल अफसरों ने सर्वे भी पूरा कर लिया है। इस सर्वे के बाद सोलापुरी मंदिर चौक से लेकर सांई मंदिर और मल्टी फंक्शनल काम्पलेक्स तक की सड़क के दोनों ओर लगाए गए हरे-भरे पेड़ों की कटाई भी की जानी है, जिसके लिए रेलवे ने करीब 400 से अधिक पेड़ों की नंबरिंग भी कर रखी है। इसके लिए रेलवे ने वन विभाग के पास 44 लाख रुपए से अधिक राशि भी जमा कर दी है, लेकिन काम की शुरुआत अब तक नहीं की गई है। वर्तमान में रेलवे क्षेत्र में गड्ढे चर्च चौक के अलावा सोलापुरी मंदिर, आरक्षण कार्यालय के सामने के अलावा सांई मंदिर के सामने सेक्शन इंजीनियर कार्यालय के सामने अधिक हैं। इसे सुधार कार्य नहीं किए जाने के कारण सबसे अधिक परेशानी रात में होती है।

पिछले तीन चार दिन से बारिश के कारण गड्ढों में पानी भरने के कारण कीचड़ और लोगों को भी आवागमन में परेशान होना पड़ रहा था, जिसमें परेशान होने वाले रेल कर्मचारी भी शामिल थे। सांई मंदिर के सामने की स्थिति ऐसी थी कि गड्ढे.के साथ बारिश का पानी अंदर जा रहा था। इसे देखते हुए सड़क के दूसरे गड्ढों का मरम्मत करना छोड़कर केवल सांई मंदिर के सामने की 20 मीटर की सड़क पर सीमेंट डालकर पेंचवर्क किया गया। यह पेंचवर्क पहले दिन बारिश के पानी में घुल गया, जिसके बाद अब दोबारा इस कार्य को करने के लिए एक ओर से यातायात को पूरी तरह से बंद कर दिया गया है।

### मामले की जांच की जाएगी

स्टेशन डेवलपमेंट प्रोजेक्ट में सड़क का कार्य भी किया जाना है। सांई मंदिर के सामने की सड़क पर केवल कार्य किया जा रहा है, इसकी जानकारी लेकर मामले की जांच कराने के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

**-अनुराग कुमार सिंह,** सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

## बिरंची दास को एमसीएल के निदेशक का अतिरिक्त प्रभार

**बिलासपुर।** एसईसीएल के निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास को एमसीएल के निदेशक (मानव संसाधन) का अतिरिक्त प्रभार

भारत सरकार के कोयला मंत्रालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार सौंपा गया है। केंद्रीय कोयला मंत्री की स्वीकृति से एसईसीएल के निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास को महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) के निदेशक (मानव संसाधन) का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। यह प्रभार 1 जुलाई 2026 से प्रारंभ होकर छह माह अथवा नियमित निदेशक (मानव संसाधन) की नियुक्ति अथवा अगले आदेश तक जो भी पहले हो प्रभावी रहेगा। श्री दास ने 20 मार्च 2024 को एसईसीएल के निदेशक (मानव संसाधन) का कार्यभार ग्रहण किया था। लगभग तीन दशक के समृद्ध अनुभव वाले श्री दास ने अपने कार्यकाल में मानव संसाधन प्रबंधन, औद्योगिक संबंधों, कर्मचारी कल्याण तथा सामाजिक उत्तरदायित्व के क्षेत्र में उनके नेतृत्व में एसईसीएल की प्रमुख सीएसआर पहल एसईसीएल की धड़कन के अंतर्गत जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित 300 बच्चों की सफल हृदय शल्य चिकित्सा पूर्ण की जा चुकी है। वहीं एसईसीएल के सुश्रुत योजना के दो बैच सफलतापूर्वक पूर्ण हुए हैं। यह देश के किसी भी कोयला सार्वजनिक उपक्रम की पहली योजना बनी जिसे भारत सरकार के डीबीटी पोर्टल पर सूचीबद्ध किया गया। मानव संसाधन प्रबंधन के क्षेत्र में उनके कार्यकाल के दौरान वित्तीय वर्ष 2024-25 से अब तक 1,623 से अधिक भू-स्वामियों तथा 946 आश्रितों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है।



कर्मचारी कल्याण, औद्योगिक संबंधों एवं संगठनात्मक विकास की दिशा में अनेक नवाचार एवं कर्मचारी हितैषी पहलें सफलता पूर्वक लागू की गई हैं। श्री दास ने अपने व्यावसायिक जीवन की शुरुआत वर्ष 1994 में महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड के तालचेर क्षेत्र स्थित देउलबेरा कोलियरी में वेलफेयर ऑफिसर (प्रशिक्षु) के रूप में की थी।

एमसीएल में अपने पूर्व कार्यकाल के दौरान उन्होंने औद्योगिक संबंधों को सुदृढ़ बनाने, गैर-कार्यपालक कर्मचारियों के आवास आवंटन नियमों तथा विभिन्न मानव संसाधन नीतियों के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वर्तमान में श्री दास छत्तीसगढ़ ईस्ट रेलवे लिमिटेड एवं छत्तीसगढ़ ईस्ट-वेस्ट रेलवे लिमिटेड के निदेशक मंडल के सदस्य भी हैं।

## राजपूत समाज ने की कोरिया अग्निकांड मामले की सीबीआई जांच की मांग



**बिलासपुर।** कोरिया जिले में हुए अग्निकांड में तीन निर्दोष भाइयों को जीवित जला देने की राजपूत समाज ने जमकर निंदा की है। इसके विरोध में समाज के लोगों ने काफी आक्रोश है।

मामले की सीबीआई जांच की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ शासन के गृह मंत्री विजय शर्मा से समाज के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर पीड़ित परिवार को शीघ्र न्याय दिलाने, निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों को फांसी की सजा दिलाने की मांग की गई। समाज प्रमुखों ने कहा कि यदि पीड़ित परिवार को समयबद्ध और निष्पक्ष न्याय नहीं मिला तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई नहीं हुई, तो संपूर्ण छत्तीसगढ़ का राजपूत समाज लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से उग्र आंदोलन करेगा।

चर्चा के दौरान राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष आलोक सिंह परिहार, प्रदेश अध्यक्ष कन्नौजिया क्षत्रिय समाज आनंद वल्लभ सिंह, हरीकपुर सिंह, शिवप्रताप सिंह, आशीष सिंह, श्रीनिवास सिंह, उमाकांत सिंह, प्रफुल सिंह , राणाप्रताप आदि मौजूद थे।

## लायंस क्लब क्लासिक प्लस की निशा अध्यक्ष, कल्पना सचिव, राधिका कोषाध्यक्ष

**बिलासपुर।** क्लोज डोर की बैठक मे पूर्व अध्यक्षों द्वारा नए सत्र 2026-27 के लिए अध्यक्ष के लिए लायन निशा गुप्ता का नाम चयन किया।







डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन रिपुदमन सिंह पुसरी द्वारा कमलेश गुप्ता को जोन चेयरपर्सन के लिए नियुक्त किया गया। लायंस क्लब बिलासपुर क्लासिक प्लस के 2026-27 के नए सत्र के पदाधिकारी गढ़...निर्वितमान अध्यक्ष प्रीति गुप्ता, अध्यक्ष निशा गुप्ता, सचिव कल्पना गुप्ता, कोषाध्यक्ष राधिका स्वर्णकार, प्रथम उपाध्यक्ष रेनू गुप्ता, द्वितीय उपाध्यक्ष पदमा गुप्ता, विजयाशांति गुप्ता, सह-सचिव कविता गुप्ता, सह-कोषाध्यक्ष मंजू सोनी., टेमर मीनाक्षी सिंह, टेल -ट्विस्टर शारदा गुप्ता, पी.आर.ओ. कौशिल्या तिवारी, सदस्यता विस्तार चेयरपर्सन लक्ष्मी सर्राफ, क्लब प्रोजेक्ट स्वास्थ्य सेवा डायरेक्टर माधवी स्वर्णकार, क्लब सर्विस चेयरमेन प्रीति गुप्ता, क्लब एडमिनिस्ट्रेटर चेयर पर्सन अर्शद खान, फुडफार हंगर चेयरपर्सन विनीता चरण को बनाया गया। इसी तरह संचालक मंडल में महेश स्वर्णकार, विष्णु गुप्ता , सुशील सर्राफ, परमेश्वर तिवारी, विशाल गुप्ता, आशीष गुप्ता, किशोरी शरण गुप्ता, शिवेंद्र प्रताप सिंह, अरशद खान, रघुवीर गुप्ता, अशोक स्वर्णकार, अजय कुमार गुप्ता, सत्यनारायण गुप्ता, रामरतन सोनी, संजीव गुप्ता, नवल किशोर गुप्ता को शामिल किया गया है।

## डिप्टी सीएम साव ने किया सफ़र-ए-ख़्वाब का विमोचन




**बिलासपुर।** ग़ज़लकारा बलजीत कौर अजमानी द्वारा लिखित ग़ज़लों के संग्रह "सफ़र-ए-ख़्वाब" का विमोचन 28 जून को मुख्य अतिथि डिप्टी सीएम अरुण साव ने किया।

चावला ग्रीन में आयोजित इस विमोचन समारोह में अति विशिष्ट अतिथियों में श्रीमती मीना साव, विधायक धरमलाल कौशिक, विधायक धर्मजीत सिंह, क्रेडा अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी, मेयर पूजा विधानी थीं। विशिष्ट अतिथियों में डॉ. विनय कुमार पाठक, केशव शुक्ला, राजेंद्र चांवला, परमजीत सिंह सलूजा, अमरजीत सिंह दुआ थे। मुख्य अतिथि श्री साव ने "सफ़र-ए-ख़्वाब" की सफलता की कामना करते हुए कहा कि एक गृहिणी द्वारा इतनी भावपूर्ण एवं गंभीर ग़ज़लों की रचना करना निश्चित रूप से अत्यंत प्रेरणादायक एवं प्रशंसनीय कार्य है। कार्यक्रम में विधायक बिल्हा धरमलाल कौशिक, विधायक तखतपुर धर्मजीत सिंह, सुप्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. विनय कुमार पाठक, केशव शुक्ला ने लेखिका बलजीत कौर अजमानी की लेखनी की प्रशंसा की। इस अवसर पर राजेश सिंह, सुरेंद्र गुम्बर, अनिल सिंह सलूजा, बब्लू भाटिया, मनजीत सिंह गुम्बर, अंशु अजमानी, नवदीप सिंह अजमानी, सुमीत तुतेजा, अमरजीत सिंह वधवा, हरदीप सिंह (रांची), हरजीत मक्कड़, अमरीक सिंह सलूजा, देवेंद्र सिंह, नरेंद्र सिंह, अमरजीत सिंह तुतेजा, जसपाल छाबड़ा, चरणजीत सिंह गंभीर, हरदीप सिंह सलूजा, राजविंदर सिंह गंभीर, मनदीप सिंह गंभीर, महेंद्र सिंह छाबड़ा, राजा गंभीर, कमलदीप सिंह अरोड़ा, मनजीत अरोड़ा, इंदरजीत इच्छपुरानी, हरदीप सिंह सलूजा आदि मौजूद थे।

### अटल विश्वविद्यालय में खेल सृष्टि भारतीय दृष्टि पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी

# भारत में खेल शरीर, मन, बुद्धि व चरित्र के समन्वित विकास का माध्यम रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अटल बिहारी वाजपेई यूनिवर्सिटी एवं क्रीड़ा भारती छत्तीसगढ़ प्रांत के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी खेल सृष्टि भारतीय दृष्टि का सोमवार को शुभारंभ हुआ। इस संगोष्ठी का उद्देश्य भारतीय खेल दर्शन, सांस्कृतिक परंपराओं एवं समकालीन खेल परिदृश्य के मध्य सार्थक संवाद स्थापित करना तथा खेलों के भारतीय दृष्टिकोण को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करना है।




अटल यूनिवर्सिटी में आज संगोष्ठी के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि क्रीड़ा भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री प्रसाद महानकर एवं अध्यक्षता अटल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. ललित प्रकाश पटैरिया ने की। इस अवसर पर कुलपति प्रो. डॉ ललित प्रकाश पटैरिया ने कहा कि भारतीय संस्कृति में खेल केवल प्रतियोगिता या मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण अनुशासन नैतिक मूल्यों तथा राष्ट्र निर्माण का सशक्त आधार है। मुख्य अतिथि व संगोष्ठी के मुख्य वक्ता क्रीड़ा भारतीय के राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री प्रसाद महानकर ने भारतीय खेल दर्शन की मूल अवधारणा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत में खेल सदैव शरीर, मन, बुद्धि एवं चरित्र के समन्वित विकास का माध्यम रहे हैं। संगोष्ठी के तकनीकी सत्रों का शुभारंभ करते हुए पंडित रविशंकर शुक्ल यूनिवर्सिटी रायपुर के शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रो. सीडी आगषे ने भारतीय खेल मनोविज्ञान एवं पाश्चात्य मनोविज्ञान का प्रयोग एवं खेलों में मनोविज्ञान का प्रयोग करके सफलता प्राप्त करने के तरीकों पर चर्चा की।

प्रो. वीएस राठौर ने राष्ट्रीय खेल नीति एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर अपने विचार रखें। अंतर्राष्ट्रीय सत्र में ऑस्ट्रेलिया के कैनबरा से विजय दुबे ने वैश्विक खेल परिदृश्य वं भारतीय खेल मूल्य की अंतरराष्ट्रीय स्वीकार्यता पर अपने विचार व्यक्त किए।

### संगोष्ठी में आए 60 शोध पत्र

संगोष्ठी के आयोजन सचिव डॉ. प्रमोद कुमार तिवारी ने आयोजन की रूपरेखा उद्देश्य एवं संगोष्ठी की कार्य योजना से उपस्थित प्रतिभागियों को अवगत कराया तथा सभी अतिथियों विद्वानों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ. तार्णिश गौतम ने सभी अतिथियों वक्ताओं आयोजकों शोधार्थियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा कार्यक्रम का मंच संचालन प्रो. रत्नेश सिंह जिला सह मंत्री क्रीड़ा भारती बिलासपुर द्वारा किया गया। संगोष्ठी में कुल 60 शोध पत्र प्राप्त हुआ है। कार्यक्रम में श्री कौशलेंद्र , डॉ. अजय सिंह, डॉ संतोष बाजपेई, डॉ बसंत आंचल, जगदीश प्रसाद यादव, डॉ. भोजराम रावटे, डॉ. महेश सिंह धपोला, डॉ. विजय कुमार चौरसिया, डॉ. आलोक, गोपेश्वर कहरा सहित खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

### 10वीं-12वीं की पूरक परीक्षाएं 22 जुलाई तक

**बिलासपुर।** सीजीबीएसई ने वर्ष 2026 की हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी द्वितीय मुख्य/अवसर (सप्लीमेंट्री) परीक्षा की समय-सारिणी जारी कर दी है। मंडल की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार दोनों परीक्षाएं जुलाई में आयोजित होंगी। हायर सेकेंडरी (कक्षा 12वीं) द्वितीय मुख्य/अवसर परीक्षा 8 जुलाई से शुरू होगी और 22 जुलाई तक चलेगी। हाईस्कूल (कक्षा 10वीं) द्वितीय मुख्य/अवसर परीक्षा 9 जुलाई से शुरू होकर 21 जुलाई तक आयोजित की जाएगी। दोनों परीक्षाओं का समय सुबह 9 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक है। माशिमं की ओर से कहा गया है कि विषयवार विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम उसकी आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध कराया गया है।

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, मंगलवार 30 जून 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




शिविर

## ध्यान शिविर में बताए गए तनाव मुक्त जीवन के सूत्र



**बिलासपुर।** तीन दिवसीय सिद्धार्थ ध्यान योग संपन्न हुआ,शिविर में तनाव मुक्त,आनंद में शांतिपूर्ण और सफल जीवन जीने की कला एवं सांसारिक जीवन के प्रत्येक पहलू में संतुलन कैसे कर सकते हैं। अपने जीवन को आनंदपूर्वक जीते हुए कैसे हम मंगल पूर्वक सार्थक कर सकते हैं, के संबंध में बताया गया। अनुभव कराया गया 63 पुराने संन्यासियों के बीच 22 नए साधकों ने संतो की दिव्य उपस्थिति में ओंकार की दीक्षा प्राप्त की और जीवन को धन्य किया। इस प्रकार कुल 85 संन्यासियों ने गुरुप्रेम में सराबोर होकर अंत में उत्सव का आनंद लिया। शिविर में मां जगदीश सलूजा,आचार्य पृथ्वी पाल सिंह,आचार्य योगेश पांडे आचार्य के आर सिंह,आचार्य पद्मराज बघेल, आचार्य नवीन गुप्ता आदि उपस्थित थे। शिविर का आयोजन समर्थगुरु धारा साधना केंद्र चांपा एवं समर्थगुरू धारा ध्यान केंद्र कुदुदंड द्वारा किया गया।

कार्यशाला

## आईसीएआई ने मनाया एमएसएमई महोत्सव



**बिलासपुर।** द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की एमएसएमई एवं स्टार्टअप समिति द्वारा आयोजित आईसीएआई एमएसएमई महोत्सव का भव्य आयोजन आईसीएआई भवन व्यापार विहार में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में महाप्रबंधक एस के धुर्वे, विशिष्ट अतिथि के रूप में महाप्रबंधक कचिता डारो, ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सीए अरिहंत जैन ने एमएसएमई क्षेत्र की वर्तमान चुनौतियों, विकास की संभावनाओं, सरकारी योजनाओं, स्टार्टअप इकोसिस्टम तथा चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की महत्वपूर्ण भूमिका पर विस्तृत एवं ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया। उन्होंने उपस्थित सदस्यों एवं उद्यमियों को एमएसएमई क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों एवं नवीनतम प्रावधानों की जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर शाखा के अध्यक्ष सीए मंगलेश कुमार पाण्डेय ने सभी अतिथियों, वक्ताओं एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि आईसीएआई सदैव एमएसएमई एवं स्टार्टअप क्षेत्र के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है तथा इस प्रकार के कार्यक्रम उद्योग जगत और चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के बीच ज्ञान एवं सहयोग को बढ़ावा देते हैं।

कार्यक्रम

## रोटरी के समारोह में वर्ष भर किए गए कार्यों की दी जानकारी



**बिलासपुर।** रोटरी क्लब ऑफ के द्वारा प्रेसिडेंशियल अवार्ड समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें रोटरी वर्ष 2025-26 में किए गए सेवा कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने वालों रोटेरियन सदस्य साथ ही समाज के अन्य नागरिक एवं पदाधिकारीगण का सम्मान तथा आभार व्यक्त किया। अवार्ड समारोह और थैंक्सगिविंग डिनर के आयोजन में रोटरी क्लब ऑफ़ के द्वारा वर्ष भर किए कार्यों का प्रदर्शन स्लाइड शो के माध्यम से किया गया। इस अवसर पर क्लब के भारी संख्या में सदस्य गण अपने परिवारजनों के साथ उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन प्रेसिडेंट शैलजा शुक्ला के द्वारा किया, उन्होंने वर्ष भर किए सेवा कार्यों की जानकारी तथा उन सभी कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में सहयोग देने वाले क्लब के सदस्य तथा अन्य नागरिकों का आभार भी व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन सेक्रेटरी कृतिका मोदी एवं पास्ट प्रेसिडेंट आशीष अग्रवाल द्वारा किया गया। अवार्ड की प्रस्तुति प्रेसिडेंट शैलजा, कोषाध्यक्ष आनंद खेमका के साथ पीडीजी एस पी चतुर्वेदी और पीडीजी डॉ आर ए शर्मा द्वारा की गई । इस अवॉर्ड समारोह में संजय दुबे, अमित चक्रवर्ती,दीपक खंडेलवाल, किरन सिंह, पायल लाठ, सुधा शर्मा, प्रभात श्रीवास्तव, करन सिंह, सुनील सुल्तानिया, पवन नलोटिया, डॉ जी बी सिंह, डॉ संजय नवनीत अग्रवाल, सतीश शाह रोटेरियन मौजूद रहे, यह जानकारी क्लब के सदस्य चंचल सलूजा ने दी।

आयोजन

## समाज सेवा में पहले आलोचना फिर मिलती है प्रशंसा



**बिलासपुर।** प्रेस क्लब में बिलासा कला मंच द्वारा आयोजित परिचर्चा में प्रख्यात समाज सेविका पद्मश्री से सम्मानित फूलबासन यादव पहुंच इन्होंने कहा कि कोई भी कार्य बिना मेहनत और लगन के संभव नहीं है, आप जो भी कार्य करेंगे आपकी पहले आलोचना होगी और जब आप कामयाब हो जाएंगे तो फिर यही लोग आपकी प्रशंसा भी करेंगे। इसलिए जीवन कोई कार्य भी कार्य जिसमें स्वंय संतुष्ठ हो उसे पूरे लगन से करना चाहिए, उसमें जरूर सफलता मिलेगी ही। इस अवसर पर बिलासा कला मंच संस्थापक डॉ सोमनाथ यादव, महेश श्रीवास, डा सुधाकर बिबे, डा जी डी पटेल, डा सोमनाथ मुखर्जी, भुनेश्वर यादव, के के पाठक, सतीश यादव, अश्वनी पांडेय, राकेश यादव, अनिल यादव, एम डी मानिकपुरी, राजेंद्र मौर्य, दिनेश्वर राव जाधव,सुधीर दत्ता, अनूप श्रीवास, जी आर चौहान, सुजीत यादव ,ओमशंकर लिबर्टी, गोपाल यादव आदि प्रमुख लोग उपस्थिति रहे। परिचर्चा का संचालन डा सोमनाथ यादव ने तथा आभार व्यक्त महेश श्रीवास ने किया।

# 'पियानो' की भावपूर्ण प्रस्तुति के साथ नाट्य समारोह का समापन





अग्रज नाट्य दल, बिलासपुर द्वारा आयोजित चार दिवसीय योगेश स्मृति नाट्य समारोह का सोमवार को सिम्स ऑडिटोरियम में प्रख्यात अभिनेता, रंगकर्मी एवं निर्देशक रघुबीर यादव के चर्चित नाटक 'पियानो' की प्रभावशाली प्रस्तुति के साथ भव्य समापन हुआ।



रंगकर्मी रघुबीर यादव को प्रदान किया गया 'योगेश स्मृति' कला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

समारोह के अंतिम दिन बड़ी संख्या में उपस्थित रंगप्रेमियों ने प्रस्तुति का भरपूर आनंद लिया और कलाकारों का तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत किया। रघुबीर यादव द्वारा रूपांतरित, निर्देशित एवं रंग-परिकल्पित नाटक 'पियानो' हास्य, रहस्य और मानवीय संवेदनाओं से बुनी एक मार्मिक प्रस्तुति है। लगभग डेढ़ घंटे की इस ट्रैजिकॉमेडी में आधुनिक जीवन के अकेलेपन, मानवीय रिश्तों और संवादहीनता को अत्यंत संवेदनशील ढंग से मंच पर उकेरा गया। नाटक की कथा उस दौर की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जब डायल टेलीफोन ही संवाद का प्रमुख माध्यम हुआ करता था। पुराने बंबई में रहने वाले दो अकेले व्यक्तियों की कहानी एक अखबार में प्रकाशित 'पियानो बिक्री हेतु' के विज्ञापन से शुरू होती है। एक साधारण-सा फोन कॉल धीरे-धीरे हास्य, रहस्य और भावनात्मक संवादों की ऐसी श्रृंखला में बदल जाता है, जो दर्शकों को अंत तक बांधे रखती है। बातचीत के दौरान रघुबीर यादव कभी वृद्ध महिला, कभी छोटे बच्चे और कभी पियानो व्यापारी का रूप धारण करते हैं। चुटीले संवादों और सहज अभिनय के बीच नाटक अकेलेपन की पीड़ा, मानवीय संबंधों की गरिमा और जीवन की मार्मिक संवेदनाओं को प्रभावी ढंग से अभिव्यक्त करता है। यह प्रस्तुति हंगेरियन लेखक फेरेंक कैरिंथी की मूल रचना से प्रेरित है। नाटक में रघुबीर यादव और रोशिनी अचरेजा के सशक्त अभिनय ने दर्शकों की खूब सराहना बटोरी। प्रस्तुति के प्रकाश संयोजन आदर्श कुमार जिज्ञासु, सेट एवं प्रॉप्स विक्की कुमार, स्टेज मैनेजर अबीर यादव, ध्वनि संचालन शिवम शुक्ला, मेकअप बाला, कॉस्ट्यूम रोशिनी तथा प्रोडक्शन टीम अग्रज का महत्वपूर्ण योगदान रहा।समारोह के मुख्य अतिथि साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एसईसीएल के निदेशक बिरंचि दास तथा विशिष्ट अतिथि डीन डॉ. रमणेश मूर्ति एवं जीएम मनीष श्रीवास्तव उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अभिनेता पीयूष मिश्रा, डॉ. अजय श्रीवास्तव, डॉ. योगेन्द्र चौबे, डॉ. सुप्रिया भारतीयन, सुभाष मिश्रा, मोहन देव पुजारी, महेश श्रीवास, सत्यभामा अवस्थी, एसईसीएल के अधिकारी एवं कर्मचारी, शहर के गणमान्य नागरिक, साहित्यकार, रंगकर्मी तथा बड़ी संख्या में कला प्रेमी उपस्थित रहे।

### विभिन्न संस्थाओं का सम्मान

समारोह के दौरान भारतीय रंगमंच में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रख्यात रंगकर्मी रघुबीर यादव को 'योगेश स्मृति कला सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान एसईसीएल के निदेशक बिरंचि दास के हाथों प्रदान किया गया। इसके साथ ही आधारशिला ग्रुप, महाराष्ट्र मंडल, बिलासा कला मंच सहित विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्थाओं तथा जनप्रतिनिधियों द्वारा रघुबीर यादव का नागरिक सम्मान भी किया गया। सम्मान प्राप्त करने के बाद रघुबीर यादव ने कहा, ऐसा लगता है मैं बार-बार बिलासपुर आता रहा हूँ। मैं जो भी मंच पर कर पाया, वह आप सभी दर्शकों के प्यार और प्रतिक्रिया की वजह से कर पाया। कलाकार की असली ताकत दर्शकों का स्नेह और उनका अपनापन ही होता है। उनके इन शब्दों पर पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

# 108 कलश के पानी से स्नान के बाद महाप्रभु बीमार

मंदिर का पट 15 दिन के लिए बंद, खुलेगा 14 जुलाई को

**बिलासपुर।** रेल्वे स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में स्नान पूर्णिमा पर सोमवार को महाप्रभु को मंत्रोच्चार के साथ 108 कलशों से स्नान कराया गया। इससे महाप्रभु के बीमार हो जाने से मंदिर का पट 15 दिन के लिए बंद कर दिया गया है।

उत्कल समाज के अध्यक्ष केके बेहरा ने बताया कि सोमवार को सुबह 10 बजे भगवान जगन्नाथ का 108 कलशों से स्नान सात पण्डितों की टीम द्वारा मंत्रोच्चार के साथ कराया गया। 11 बजे भक्तों को भी स्नान कराने का मौका दिया गया। स्नान से महाप्रभु के बीमार हो जाने से मंदिर का पट 15 दिन के लिए बंद कर दिया गया है। इस बीच महाप्रभु को कोई भोग नहीं लगाया जाएगा। केवल काढ़ा, पानी दिया जाता रहेगा। मंदिर का पट बंद होने से श्रद्धालु भक्तों को पट खुलने का इंतजार रहेगा। पट खुलने के दिन महाप्रभु का पहला दर्शन पाने सुबह से मंदिर परिसर में भक्तों का तांता लग जाएगा। मंदिर के झण्डे भी बदले जाएंगे। स्नान पूर्णिमा पर आए श्रद्धालु भक्तों ने पुरी के कारीगर द्वारा मंदिर में महाप्रभु के रूप व अवतार की चित्रकारी का अवलोकन कर उनकी कला की सराहना की।





### बाजे–गाजे के साथ ले जाया गया मण्डप

श्री बेहरा ने बताया कि महाप्रभु को श्रीमंदिर से मंत्रोच्चार व बाजे-गाजे के साथ ले जाया गया। स्नान के बाद रात 9 बजे श्रीमंदिर लाकर स्थापित कर मंदिर के पट बंद कर दिए गए। 14 जुलाई को पट खुलने पर श्रद्धालु भक्त महाप्रभु का नवयौवन रूप में दर्शन कर सकेंगे। 15 जुलाई को महाप्रभु की पूजा, आरती की जाएगी।

### गुण्डिचा यात्रा में उमड़ेगी भीड़

आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि से शुरू होने वाला यह 9 दिवसीय उत्सव रेल्वे स्थित जगन्नाथ मंदिर में भव्य रूप से मनाया जा रहा है। इस साल 16 जुलाई गुरुवार को गुण्डिचा यात्रा निकाली जाएगी। छेरा पहरा की रस्म एसईसीएल अधिकारी रमेशचंद्र महापात्र पूरी करेंगे। रथ का रस्सा खींचने श्रद्धालु भक्तों की भीड़ रहेगी।

### भगवान जगन्नाथ का महाअभिषेक



श्री सिद्ध शक्तिपीठ शीतला माता मंदिर में भगवान जगन्नाथ का महाअभिषेक, सहस्त्र धारा स्नान किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार स्तुति के साथ पूजा-अर्चना की गई। मंदिर के पुजारी गोपाल कृष्ण ने बताया कि भगवान के लिए उड़ीसा से विशेष कटी वस्त्र मंगाया गया था। सुगंधित पुष्प, तुलसी से सुसज्जित भगवान के मनमोहक स्वरूप का भोग प्रसाद के साथ आरती की गई। भक्तों को उड़ीसा का प्रसिद्ध प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर शत्रुघन कृष्ण, अनिमेष सोनी, आचार्य शांतनु पांडेय, आशीष यादव, शुभम मिश्रा, वैदिक सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे।

# दस्तार, दुमाला प्रतियोगिता में 70 बच्चों की रही सहभागिता

**बिलासपुर।** अकाल पुरख की फौज द्वारा आयोजित दस्तार एवं दुमाला प्रतियोगिता में जिले से 70 बच्चों ने भाग लिया। जिसमें सीनियर पगड़ी में प्रथम, गुरप्रीत सिंह, द्वितीय गुरमीत सिंह एवं तीसरा स्थान अस्मित सिंह, जूनियर वर्ग में प्रथम अरवीर सिंह तखतपुर, दूसरा तवगुर्लीन सिंह, तीसरा स्थान प्रभप्रीत सिंह अलूवलिया ने प्राप्त किया।

दुमाला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पवनीत कौर मक्कड़, दूसरा जसदीप कौर, तीसरा स्थान इरशिन कौर ने प्राप्त किया। इस दौरान समाज के 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक लाने वाले बच्चों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में बच्चों को पुरस्कार देकर उनका हौसला बढ़ाने सरदार तविंदर पाल सिंह अरोरा, अमोलक सिंह टुटेजा, सुरजीत सिंह सलूजा, अजीत सिंह गंभीर, तेजिंदर सिंह अरोरा, जसपाल सिंह छाबड़ा, प्रितपाल सिंग गंभीर, जगजीत सिंह सलूजा, गुरदेव सिंह गांधी, नरेंद्र सिंह सलूजा, प्रितपाल बाली उपस्थित थे। निर्णायक की भूमिका में बलजीत सिंह खनूजा नवदीप सिंह अरोरा रहे।

कार्यक्रम का संचालन संस्था के संरक्षक सरदार अमरजीत सिंह टुटेजा एवं धन्यवाद ज्ञापन अध्यक्ष बलजीत सिंह गंभीर व महासचिव जसवीर सिंह गांधी ने किया।

विजेता व प्रतिभावान बच्चों का सम्मान





### इनका रहा सहयोग

इस आयोजन में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार परमजीत सिंह सलूजा, सचिव अमरजीत सिंह दुआ, कोषाध्यक्ष गुरदीप सिंह अजमानी, उपाध्यक्ष मंजीत सिंह अरोरा, सहसचिव जसवीर सिंह गांधी, बलजीत सिंह गंभीर, अमनदीप सिंह होरा, अकाल पुरख की फौज के सदस्य जसमीत सिंह अजमानी, सतिंदर सिंह गांधी, जानू टुटेजा, मोनू भाटिया, रमनदीप सिंह सलूजा, कमलदीप सिंह अरोरा, अमनदीप सिंह होरा सहित समाज के अन्य सभी लोगों का सहयोग रहा।

कार्नर न्यूज

जीजीयू में संस्कृत भारती के आवासीय प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ

# संस्कृत विश्व शांति और भारतीय संस्कारों का आधार

संस्कृत भारती छत्तीसगढ़ प्रांत तथा गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग एवं प्रांतीय आवासीय बाल केन्द्र प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ शनिवार को वैदिक परंपरा के अनुरूप हुआ। इसमें वक्ताओं ने संस्कृत को विश्व शांति और भारतीय संस्कारों का आधार बताया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, गुरु घासीदास के चित्रों पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके उपरांत सरस्वती, संस्कृत एवं गुरु वंदना का सामूहिक पाठ किया गया। प्रारंभिक सत्र में गोपेश तिवारी ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए सभी अतिथियों का परिचय कराया।

मुख्य वक्ता आत्मानंद महाविद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. राजकुमार सचदेव ने कहा कि संस्कृत के प्रचार-प्रसार में लगे सभी कार्यकर्ताओं का अभिनंदन किया जाना चाहिए। आज विश्व संघर्ष और अशांति के दौर से गुजर रहा है। ऐसे समय में शांति, समरसता और मानवता का संदेश भारत की संस्कृति और संस्कृत भाषा ही विश्व को दे सकती है। प्रभारी कुलपति एवं सत्र के अध्यक्ष प्रो. अमित कुमार सक्सेना ने कहा कि हिंदी को रोमन लिपि में लिखने की प्रवृत्ति चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि रामचरितमानस के सातों कांडों का प्रारंभ और समापन संस्कृत श्लोकों से होता है, जो संस्कृत की श्रेष्ठता का प्रमाण है। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ संपूर्णानंद झा ने कहा कि संस्कृत ही वह भाषा है जो 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' का संदेश देती है। संस्कृत भारती के वरिष्ठ कार्यकर्ता श्री दादाभाई त्रिपाठी ने कहा कि संस्कृत भारती देश के प्रत्येक प्रांत और जनपद में संस्कृत के प्रचार-प्रसार तथा संस्कार निर्माण का कार्य कर रही है।





## खबर संक्षेप

### नए बस स्टैंड में शिविर लगाकर पिलाई गई पोलियो ड्राप

**मुंगेली।** विश्व पोलियो दिवस पर नए बस स्टैंड में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं जिला चिकित्सालय की



नर्सों द्वारा विशेष शिविर लगाकर 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। जो बच्चे पहले छूट गए थे, उन्हें घर-घर एवं ढूंढ-ढूंढकर पोलियो की दवा पिलाई गई। अभियान में व्यापारी बंधुओं वासुदेव देवांगन, रुद्र प्रताप तंबोली, दिव्यांश तंबोली, संतोष लाखवानी, मोहन पान सेंटर, रुद्र साइकिल एवं सरदार फल वाले का सहयोग रहा। वहीं श्रीराम प्रभात फेरी, मुंगेली के सदस्यों ने भी विशेष योगदान देकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

### बच्चों को दी गई पोलियो की खुराक



**लोरमी।** पल्स पोलियो अभियान के तहत नगर पालिका के वॉर्ड क्रमांक 2 में जिंदगी के दो बूंद 0 से लेकर 5 साल तक के छोटे बच्चों को पोलियो की दवा नगर पालिका के उपाध्यक्ष डॉक्टर अशोक जायसवाल ने पिला कर पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया। डॉक्टर अशोक जायसवाल ने कहा कि पोलियो मुक्त भारत, छत्तीसगढ़, समाज हो, इसी उद्देश्य को लेकर भारत के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने ठाना है। भारत को पोलियो मुक्त बनाना है।

### पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान के शुभारंभ

**लोरमी।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान का विकासखण्ड स्तरीय शुभारंभ 50 बिस्तर अस्पताल में अध्यक्ष नगर पालिका सुजीत वर्मा ने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर की। इस अवसर पर गुरमीत सलूजा, अशोक जायसवाल, आलोक शिवहरे, घनश्याम यादव, बीएमओ डॉक्टर जीएस दाऊ व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि उक्त अभियान को विकासखण्ड लोरमी में सफल बनाने 315 बूथ बनाए गए थे। 2 मोबाइल व एक ट्रांजिट टीम रही।

### मोदी के मन की बात का 135वां एपिसोड ग्रामीणों ने सुना



**लोरमी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 135वां एपिसोड वॉर्ड नं 5 विवेकानंद वॉर्ड में ग्रामीणों ने प्रोजेक्टर के माध्यम से सुना। इस अवसर पर बीजेपी नेता निरंजन अग्रवाल, नपा उपाध्यक्ष डॉ अशोक जायसवाल, अशोक साहू, दिनेश नामदेव, अशोक यादव, विशाल यादव, सभापति आलोक शिवहरे, पार्षद सोहन डड़सेना, मनोज यादव, अशोक साहू, लक्ष्मी गुप्ता, सुरेश श्रीवास एवं अधिक संख्या में महिलाएं और बच्चे उपस्थित रहे।

### परसदा में सुनी गई मोदी के मन की बात



**बोदरी।** यातायात नगर परसदा के बूथ क्रमांक 274 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का सामूहिक श्रवण किया गया। कार्यक्रम के दौरान जय रजक मीडिया प्रभारी ने कहा कि 'मन की बात' केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री और देशवासियों के बीच संवाद का प्रभावी माध्यम है। कार्यक्रम में दुर्गेशनंदन कौशिक, नरेश कौशिक, शंभूनाथ नायक, ज्ञानचंद कौशिक, विश्वनाथ कौशिक, सुनील कौशिक, ईश्वर कौशिक, राकेश सूर्यवंशी, लक्ष्मीचंद सूर्यवंशी, नीलकंठ सोनी, कृष्णा प्रजापति, ज्वाला सूर्यवंशी तथा अन्य कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे।

### ओवरब्रिज के नीचे सो रहे हमाल पर लाठी से ताबड़तोड़ हमला कर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलवे ओवरब्रिज के नीचे सो रहे एक हमाल की लाठी से सिर पर ताबड़तोड़ हमला कर हत्या कर दी गई। सूचना मिलते ही कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान राजेश महाराज के रूप में हुई है, जो हमाली का काम करता था। वह रेलवे ओवरब्रिज के नीचे अन्य मजदूरों के साथ अस्थायी रूप से रहकर जीवनयापन करता था। जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह राजेश महाराज और भरत साहू का उसके अन्य साथी के साथ किसी बात को लेकर वाद विवाद हुआ था वाद विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों के मध्य मारपीट हो गई थी मारपीट के दौरान वहां मौजूद अन्य मजदूरों ने दोनों पक्षों को छुड़ाया और मामला को शांत करा दिया था। जिसके बाद राजेश महाराज दोपहर में ओवरब्रिज के नीचे बने चबुतरे में सो रहा था। इसी मौके का फायदा उठाते हुए भरत साहू आया और लाठी से उसके सिर पर कई बार वार किया, जिससे राजेश महाराज के सिर में गंभीर चोट लगी जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

## जिम्मेदार लोगों के खिलाफ नहीं हो रही कार्रवाई, बढ़ा हादसे का खतरा

# दैजा में सरकारी जमीन पर अवैध खनन

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर



दैजा में सरकारी जमीन पर अवैध उत्खनन पर प्रशासनिक कार्रवाई नहीं होने से हादसे का खतरा बढ़ गया है। बड़े गड्ढे को देखते हुए ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

■ ग्रामीणों ने की तत्काल हस्तक्षेप की मांग

विकासखंड के ग्राम दैजा में आरक्षित सरकारी भूमि पर मिट्टी और मुरुम के अवैध उत्खनन का मामला सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि लोडर मशीनों से लगातार खुदाई कर सरकारी जमीन को 8 से 10 फीट गहरे गड्ढों में बदल दिया गया है। इसके बावजूद संबंधित जेसीबी मालिक और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामीणों के अनुसार, क्षेत्र में रात के समय मशीनों से बड़े पैमाने पर अवैध खुदाई की जा रही है, जिससे पूरा इलाका अस्थायी तालाब जैसा दिखाई देने लगा है। अभी मानसून पूरी तरह सक्रिय नहीं हुआ है, लेकिन तेज बारिश होने पर इन गड्ढों में पानी से भर जाएगा जो ग्रामीणों, बच्चों तथा मवेशियों के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। गांव की घनी आबादी निस्तारी और पशु चराई के लिए इसी क्षेत्र पर निर्भर है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि खनिज और राजस्व विभाग की निगरानी केवल औपचारिकता बनकर रह गई है। नियमित जांच और कार्रवाई के अभाव में लाखों रुपये मूल्य की मुरुम का अवैध उत्खनन किया गया। लोगों का कहना है कि प्रदेश के कई जिलों में ऐसे गड्ढों में डूबने से बच्चों की मौत की घटनाएं हो चुकी हैं। ऐसे में दैजा के खुले गड्ढे भी किसी बड़ी अनहोनी का कारण बन सकते हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से अवैध खनन पर तत्काल रोक लगाने, गड्ढों को भरवाने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### खुदाई रोकवाने की मांग

ग्रामीणों ने आरक्षित सरकारी भूमि पर हो रहे अवैध मिट्टी और मुरुम उत्खनन को तत्काल बंद कराने की मांग की है। उनका कहना है कि जेसीबी और पोकलेन मशीनों से की गई खुदाई से बने 8 से 10 फीट गहरे गड्ढों को जल्द भरवाकर क्षेत्र को सुरक्षित बनाया जाए। ग्रामीणों ने अवैध खनन में शामिल जेसीबी मालिक एवं अन्य जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग करते हुए कहा कि खनिज एवं राजस्व विभाग नियमित निगरानी और जांच सुनिश्चित करे, ताकि भविष्य में सरकारी भूमि पर इस तरह का अवैध उत्खनन दोबारा न हो और किसी संभावित दुर्घटना से बचा जा सके।

### सख्त कार्रवाई की जाएगी

तहसीलदार शशांक शेखर शुक्ला ने कहा कि ग्राम पंचायत दैजा में मुरूम एवं मिट्टी के अवैध उत्खनन की जानकारी संज्ञान में है। इस पर प्रशासन द्वारा गंभीरता से कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध उत्खनन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। तहसीलदार ने बताया कि मामले की जांच के लिए टीम का गठन किया जा रहा है। जांच के बाद दोषियों की पहचान कर उनके विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में प्राकृतिक संसाधनों के अवैध दोहन पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और भविष्य में भी ऐसे मामलों पर कठोर कदम उठाए जाएंगे।

## सहकारिता आंदोलन ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़



**मुंगेली।** सहकारिता विभाग के स्थापना दिवस पर जिले में ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस समारोह में सहकारिता से जुड़े पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कृषकों की उपस्थिति रही, जिन्होंने सहकारिता के मूल मंत्र सबका साथ, सबका विकास को चरितार्थ करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अध्यक्ष होरी राम सोनकर एवं सहकारिता विस्तार अधिकारी गेंदले उपस्थित रहे। श्री सोनकर ने कहा कि सहकारिता आंदोलन ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। कार्यक्रम में किशुन साहू प्रबंधक, प्रमोद पाठक, आशीष सोनी, ओम कुमार देवांगन और भारतीय जनता पार्टी मुंगेली नगर मंडल के किसान मोर्चा उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। निगरानी समिति के सदस्य विजय यादव ने भी कार्यक्रम में सम्मिलित होकर विभागीय कार्यों की पारदर्शिता पर बल दिया।

### किसान और सरकार की आपसी साझेदारी को दर्शाता है सहकारिता



**तखतपुर।** सेवा सहकारी समिति में सहकारिता दिवस मनाया गया। माता सरस्वती, भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी के साथ ध्वज का पूजन किया गया। सेवा सहकारी समिति मोछ के अध्यक्ष शिव कुमार ठाकुर के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम को अशोक ठाकुर ने अपने उद्बोधन में कहा सहकारिता केवल एक बैंक नहीं है अपितु सहकारिता अर्थात किसान और सरकार की आपसी साझेदारी को दर्शाता है और सहकारिता एक दूसरे के पूरक हैं न किसान के बिना सरकार चल सकती है और न सरकार के बिना किसान चल सकता है! जब किसान अन्य बैंकों से कर्ज या केसीसी लेते हैं तो बहुत ज्यादा ब्याज चुकाना पड़ता है जबकि हमारे सोसायटी में ऋण लेने पर कोई ब्याज नहीं लगता अर्थात 0% ब्याज, इसलिए किसानों से अपील करते हुए कहा कि जब भी ऋण लेने की आवश्यकता पड़ी तो सहकारिता बैंक से ही ऋण ले। इस अवसर पर विजय कश्यप, टेकू लाल, बोधन सिंह, मोती सिंह, लाला राम यादव, दरबार यादव, बद्री कश्यप, गोविंद सिंह ठाकुर, जोधन सिंह, शिव कुमार निर्मलकर, रामस्नेही क्षत्री, शेर सिंह, योगेश मिश्रा सहित अन्य उपस्थित रहे।

## वनांचल के स्कूलों में दर्ज नहीं हो रही ऑनलाइन अटेंडेंस

**मुंगेली।** नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत के साथ शिक्षकों और कर्मचारियों की उपस्थिति दर्ज कराने के लिए शासन द्वारा लागू किए गए वीएसके (विद्या समीक्षा केंद्र) ऐप तकनीकी खामियों और नेटवर्क समस्याओं के कारण काम नहीं कर रहा है। जिले के अधिकांश स्कूलों में ऑनलाइन अटेंडेंस दर्ज नहीं हो पा रही है, जिससे शिक्षक पूरे दिन ऐप पर माथापच्ची करते नजर आते हैं। पूरे प्रदेश में वीएसके एप में जिले का चौथा स्थान चल रहा है।



शासन ने शिक्षकों का जून माह का वेतन ऑनलाइन उपस्थिति के आधार पर तैयार करने के निर्देश दिए हैं, लेकिन पहले ही दिन उपस्थिति दर्ज नहीं होने से शिक्षकों में असमंजस की स्थिति बन गई है। नगर क्षेत्र सहित जिले के लोरमी ब्लॉक के अंतर्गत सूदूर इलाकों में भी ऐप सुचारु रूप से काम नहीं कर पा रहा है, कई शिक्षकों के मोबाइल पर केवल प्लीज वेट और घूमता हुआ लोडिंग चक्र दिखाई देता रहा। कुछ शिक्षकों का चेक-इन तो दर्ज हो गया, लेकिन चेक-आउट नहीं हो सका। वहीं अनेक कर्मचारियों को ऐप में उनके पंजीकृत विद्यालय की लोकेशन से दूर बताया गया, जिससे उपस्थिति दर्ज करने में और परेशानी हुई। शिक्षक पढ़ाई की तैयारी के बजाय तकनीकी दिक्कतों से जूझते नजर आते है। दूरस्थ क्षेत्रों में व्यवस्था पर उठे सवाल-शिक्षकों का कहना है कि ब्लॉक के कई वनांचल और दूरस्थ क्षेत्रों में मोबाइल नेटवर्क की सुविधा ही नहीं है। जब शहरी क्षेत्रों में ऐप ठीक से काम नहीं कर रहा है, तो नेटवर्क विहीन गांवों में इसकी सफलता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### किताबों की स्कैनिंग भी बनी चुनौती

शासन द्वारा विद्यार्थियों को वितरण से पहले पाठ्यपुस्तकों की स्कैनिंग अनिवार्य की गई है, लेकिन सर्वर संबंधी समस्याओं के कारण यह कार्य भी प्रभावित हो रहा है। कई स्कूलों में पुस्तकें स्कैन नहीं हो पा रही हैं। शिक्षकों का कहना है कि यदि यही स्थिति बनी रही तो पूरा जून माह केवल स्कैनिंग प्रक्रिया में ही निकल सकता है। इसके अलावा प्रवेश उत्सव से पहले विद्यार्थियों को यूनिफॉर्म वितरण के निर्देश दिए गए थे, लेकिन लोरमी ब्लॉक के अधिकांश संकुलों में अब तक ड्रेस नहीं पहुंची है। ऐसे में बच्चों को किताबों और यूनिफॉर्म के लिए अभी और इंतजार करना पड़ सकता है।

### भेज दी गई है रिपोर्ट

नेटवर्क और तकनीकी त्रुटियों की जानकारी प्राप्त हुई है। इस संबंध में उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट भेज दी गई है। समस्या के समाधान के लिए आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

-एलपी डाहिरे, जिला शिक्षा अधिकारी

### किसान के खेत से जाली-तार की चोरी



**लोरमी।** ग्राम घोरबंधा खार में कृषि भूमि पर लगा जाली-तार अज्ञात चोरों द्वारा रातों-रात चोरी कर लिया। पीड़ित किसान ने थाने में आवेदन देकर एफआईआर दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार 28 जून को नरेंद्र कुमार राठौर 44 वर्ष पिता स्व. गनपत सिंह ग्राम सारधा के निवासी ने शिकायत दर्ज दर्ज कराई है कि उनकी पांच एकड़ कृषि भूमि ग्राम घोरबंधा खार के समीप स्थित है। किसान ने बताया कि गत वर्ष ही आस-पास के अन्य कृषकों के साथ मिलकर फसल की पशु व अन्य नुकसान से सुरक्षा के लिए खेत के चारों ओर जाली-तार का घेरा कराया था। विगत रात्रि अज्ञात तत्वों ने पीड़ति की भूमि से लगी जाली-तार चोरी कर ली।

### किसानों को बेहतर व त्वरित सेवाएं देने का लिया संकल्प



**पथरिया।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में सोमवार को सहकारिता झंडा दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद पंचायत पथरिया के सभापति जगदीश प्रसाद वर्मा उपस्थित रहे। उनके साथ भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला मुंगेली के जिला महामंत्री टीकाराम वर्मा, जनपद सदस्य कोमल साहू, ग्राम पंचायत सिलतरा के सरपंच तामेश्वर वर्मा, हरबंश वर्मा, सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक शामिल हुए। कार्यक्रम में शाखा प्रबंधक पोषण शोनी, सहायक प्रबंधक विनोद कुमार कौशिक, कैशियर राजेन्द्र कुमार कश्यप, भृत्य डोमन सिंगरौल, महेंद्र कुमार, प्रभा देवी वर्मा सहित बैंक का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। सहकारी समिति के अध्यक्ष सुखदेव वर्मा ने सहकारिता झण्डा फहराया। इस अवसर पर प्रबन्धक शीलेंद्र पाली, विक्रेता रामनरायन शुक्ला, अरुण पाली, भीखम वर्मा उपस्थित रहे।

### कृषि उपज मंडी कार्यालय में सहकारी सप्ताह का शुभारंभ



**बेलगहना।** सहकारी सप्ताह के तहत कृषि उपज मंडी कार्यालय में ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम में मंडी के अध्यक्ष व भाजपा जिला उपाध्यक्ष ग्रामीण राजेश कश्यप मंडी प्रबंधक लतीफ खान, साधु कश्यप, नरेश प्रधान, गुरबचन सिंह एवं अन्य कृषकों व मंडी कर्मचारियों की उपस्थिति रही। इस दौरान सहकारिता गीत का गायन किया गया। सहकारिता सप्ताह के अंतर्गत तीन जुलाई को पौधरोपण कार्यक्रम रखा गया है। चार जुलाई को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। ध्वजारोहण कार्यक्रम के बाद बायलाज वाचन में विभिन्न जानकारियों में यह भी बताया गया कि सहकारी समिति द्वारा अब तक 212 कृषकों को एक करोड़ एक लाख उन्यासी हजार रूपए की नकद साख शून्य ब्याज दर पर (ऋण) प्रदान किया गया है।

## तखतपुर को स्मार्ट शहर के रूप में विकसित किया जाएगा: धर्मजीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

श्री राम सदन एवं राजपूत क्षत्रिय समाज भवन का शिलालेख अनावरण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

■ श्री राम सदन व भवन का शिलालेख अनावरण एवं भूमिपूजन

कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम शिलालेख पत्थर का अनावरण कर किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार एवं पंडितों की उपस्थिति में विधिवत भूमि पूजन संपन्न हुआ। भूमि पूजन के उपरांत मंच पर उपस्थित तखतपुर विधायक, नगर पालिका अध्यक्ष एवं मंच के समस्त अतिथियों स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में तखतपुर विधानसभा के विधायक धर्मजीत सिंह एवं नगर पालिका अध्यक्ष उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नेता प्रतिपक्ष कोमल सिंह ठाकुर द्वारा किया गया। नगरवासियों की सांस्कृतिक एवं धार्मिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए



श्री राम सदन में मंच एवं अतिरिक्त कक्षों का निर्माण किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री एवं बिलासपुर सांसद तोखन साहू के विशेष प्रयासों से इसके लिए 25 लाख रुपये की राशि स्वीकृत हुई है। इस भवन में सभी समाज के लोग विवाह, भागवत, संगीत एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर सकेंगे।

राजपूत समाज के गौरव को बढ़ाने वाले इस भवन के निर्माण हेतु केंद्रीय मंत्री तोखन साहू द्वारा 15 लाख रुपये एवं तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह द्वारा 20 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि हमारा संकल्प है कि तखतपुर को एक सुंदर, स्वच्छ और स्मार्ट शहर के रूप में विकसित किया जाए। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगरपालिका अध्यक्ष पूजा मक्कड़ ने विधायक एवं सांसद के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सहयोग से तखतपुर में विकास के नए द्वार खुल रहे हैं। यह भवन आने वाली पीढ़ियों के लिए एक धरोहर साबित होगा।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर राजपूत क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष नारायण सिंह, रामचरण वस्त्रकर, कृष्ण कुमार साहू, गौरी अजय देवांगन, सीएमओ अमरेश सिंह, प्रीति जांगड़े, इंजीनियर साहू, नर्मदा सिंह, लव कुमार पांडे, दिनेश राजपूत, नेता प्रतिपक्ष कोमल सिंह ठाकुर, अंकित अग्रवाल, सुरेश देवांगन, इस्लाम अंसारी, प्रमोद ठाकुर, प्रीतम कश्यप, अमित मंदानी, कैलाश देवांगन, सुनील जांगड़े, रमन हुरा, लवली हुरा, गुरजीत खुराना, चंद्रप्रकाश देवांगन, मनी सिंह , गोविंद सिंह, ईश्वर देवांगन, शिवनाथ देवांगन, रोशन सिंह, भोला सिंह, संजय सिंह, नर्मदा सिंह ठाकुर, अनिल शिवहरे, नरेंद्र सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

## मल्हार पुलिस ने चलाया नशा मुक्ति जागरूकता अभियान




**मल्हार।** पुलिस चौकी मल्हार द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत पुलिस अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों तथा ग्रामीणों ने मिलकर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया एवं नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया।कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने हाथों में जागरूकता बैनर लेकर नशे के खिलाफ जनजागरूकता रैली निकाली। इस दौरान लोगों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई तथा युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील की गई। इस अवसर पर जनपद सदस्य ज्वाला बंजारे, पुलिस चौकी स्टाफ नुवास तिग्गा, सोनवानी, शुकदेव साहू, नीता यादव, हरीकिशन पुरेना, हरि डहरिया, अनूप जांगड़े, रामफल जांगड़े, अवध राम, शुखसागर घोंसले, राजकुमार रात्रे, रामाआश्रम पुरेना एवं लफड़ा गेंदले सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## आज के बच्चे कल के भविष्य: लहरिया




**मस्तूरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दर्रीघाट में विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक दिलीप लहरिया, विशिष्ट अतिथि जिपं सदस्य दामोदर कांत, सरपंच ग्राम पंचायत दर्रीघाट संतराम कश्यप, एसएमडीसी अध्यक्ष बृजनंदन टंडन, लखन टंडन, पिंटू जांगड़े, मुरली पटेल थे। बीईओ शिवराम टंडन ने विकास खंड का प्रतिवेदन वाचन किया। श्री लहरिया ने कहा कि आज के बच्चे कल के भविष्य हैं। कार्यक्रम के बाद न्योता भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रमोद कुमार पाण्डेय ने एवं आभार प्रदर्शन राघवेंद्र गौरहा ने किया। कार्यक्रम में सूरज कुमार क्षत्री, राकेश शांडिल्य, पार्थ सारथी भट्टाचार्य, मनोज मिस्त्री, पूर्णिमा तिवारी, नागराज डहरे, सुरेंद्र कुमार नवनीत, संदीप रजक, सुरेश चेलकर, सुचित्र सिंह चंदेल, मन्नू कुर्रे, सतीश महिलांगे, प्रमोद कीर्ति, जगमोहन कोशले, सुनील कुर्रे, नवल चंदेल, आशा नामदेव, गीता गुप्ता, कृष्ण कुमार पटेल, माया खाडे, सरोज आरमोर, आशा देवांगन, कमला जायसवाल, समस्त प्रधान पाठक शिक्षक शिक्षिका छात्र छात्राएं पालक एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

## पार्षद सहित नागरिकों ने किया बोर खनन का शुभारंभ

**मुंगेली।** महामाई वार्ड क्रमांक 4 के नागरिकों को जल्द ही पेयजल की समस्या से बड़ी राहत मिलने वाली है। वार्ड के वरिष्ठ पार्षद अरविंद वैष्णव के विशेष प्रयासों से उनकी पार्षद निधि के अंतर्गत वार्ड में एक नए बोरवेल बोर का खनन कार्य सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया है। वार्ड में पानी की किल्लत को देखते हुए स्थानीय निवासियों द्वारा लंबे समय से इसकी मांग की जा रही थी, जिसे संज्ञान में लेते हुए वरिष्ठ पार्षद अरविंद वैष्णव ने त्वरित रूप से निधि स्वीकृत कराकर कार्य प्रारंभ करवाया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अतिथि व जनप्रतिनिधि पार्षद असलम खान, कामेश सोनी, धीरज सोनी, योगेश सोनी, वार्ड के गणमान्य नागरिक नीरज सोनी, सचिन सोनी, हरि सोनी, रोहित सोनी, सागर सोनी, बबला सोनी, सौरभ सोनी, पारस सोनी, सुरेश सोनी, प्रज्जवल बाजपेयी सहित भारी संख्या में वार्ड वासी विशेष रूप से उपस्थित हुए।



**समक्ष श्रीमान नोटरी सिविल जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**शपथ पत्र**

मैं अरविन्द सिंह राज, उम्र 40 वर्ष, पिता श्री चंद्रपाल सिंह राज, निवासी-ग्राम सकेरी पो. बांधा तह. तखतपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) का हूं जो निम्न कथन शपथ पूर्वक करता हूं-
1. यह कि, उपरोक्त नाम व पता सत्य व सही है। 2. यह कि, मेरे सगे भतीजे के आधार कार्ड क्रं. 7157 5637 3652 में आदित गोंड़ (AADIT GOND) एवं जन्मतिथि 23/10/2010 दर्ज है, जो कि त्रुटिपूर्ण है। 3. यह कि, मेरे सगे भतीजे के कक्षा दसवीं की अंकसूची में आदित्य सिंह (ADITYA SINGH) पिता स्व. राकेश सिंह एवं जन्मतिथि 23/02/2010 दर्ज है, जो कि सत्य व सही है। 4. यह कि मेरे द्वारा अपने भतीजे के वास्तविक नाम एवं जन्मतिथि के समर्थन में आवश्यक दस्तावेज संलग्न किया हूं। 5. यह कि आदित्य सिंह (ADITYA SINGH) एवं आदित गोंड़ (AADIT GOND) ये दोनों नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे भतीजे के ही है, किसी अन्य का नाम नहीं है। 6. यह कि, मेरी द्वारा दी गई समस्त जानकारी सत्य व सही है, किसी भी जानकारी को जानबूझकर नहीं छिपाया गया है।
अतः उपरोक्त कथनों के समर्थन में यह शपथ पत्र आपके समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूं।

शपथकर्ता- अरविन्द सिंह राज

**सत्यापन**

मैं अरविन्द सिंह राज शपथकर्ता सत्यापित करता हूं कि शपथ पत्र की कंडिका 01 से 06 तक में लिखी गई समस्त बातें मेरी जानकारी में सत्य है जिसे मैंने आज दिनांक 27.06.2026 को मुकाम बिलासपुर में पढ़कर व समझकर सही होना पाकर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

शपथकर्ता- अरविन्द सिंह राज

## टेट की अनिवार्यता को लेकर शिक्षक संवर्ग पशोपेश में

**लोरमी।** टेट की अनिवार्यता को लेकर शिक्षक संवर्ग पशोपेश में है। नवीन शिक्षक संघ ने शिक्षकों के हितों की मांग को लेकर शिक्षा मंत्रालय, प्रधानमंत्री को मांग पत्र प्रेषित किया है। शिक्षक संगठन का कहना है कि नवीन शिक्षक संघ द्वारा प्रदेश अध्यक्ष विकास राजपूत के नेतृत्व में हस्ताक्षर अभियान की बालोद जिला से शुरुआत होगी। नवीन शिक्षक संगठन के जिला अध्यक्ष रमन शर्मा ने कहा कि पदोन्नति में पूर्व प्रचलित नियम लागू है ।शासन स्तर से जारी राजपत्र में टीईटी को लेकर कोई नया नियम प्रकाशित नहीं हुआ है।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त


जीवेत शरदः शतम्
जिला पंचायत बिलासपुर के अध्यक्ष
माननीय
राजेश सूर्यवंशी जी को
जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
जन्मदिन सह-भोज कार्यक्रम
स्थान : महामाया मंगलम् भवन, सेंदरी, बिलासपुर
समय : सुबह 12 बजे से शाम 5 बजे तक
राजेश सूर्यवंशी
अध्यक्ष-जिला पंचायत बिलासपुर
श्रीमती अनिता राजेश सूर्यवंशी
सुशांत शुक्ला
विधायक बेलतरा विधानसभा
श्रीमती ललिता संतोष कश्यप
उपाध्यक्ष
श्रीमती अनुसुईया जागेन्द्र कश्यप
सभापति
श्रीमती अरूना चंद्रप्रकाश सूर्या
सभापति
श्रीमती अंबिका विनोद साहू
सभापति
श्रीमती भारती नीरज माली
सभापति
श्रीमती राधा खिलावन पटेल
सभापति
गोविन्दराम यादव
सभापति
निरंजन सिंह पैंकरा
सभापति
संतोष कश्यप
सदस्य - प्रतिनिधि
जागेन्द्र कश्यप
सदस्य - प्रतिनिधि
विनोद साहू
सदस्य - प्रतिनिधि
चंद्रप्रकाश सूर्या
सदस्य - प्रतिनिधि
खिलावन पटेल
सदस्य - प्रतिनिधि
मणीदास मानिकपुरी
मंडल अध्यक्ष
मनीष कौशिक
मंडल अध्यक्ष
पवन कश्यप
मंडल अध्यक्ष
रत्नाकर मोनू श्रीवास
मंडल अध्यक्ष
शुभेच्छु : समस्त भाजपा कार्यकर्तागण जिला पंचायत क्षेत्र बिलासपुर (छ.ग.)
J.J.Ad

## खबर संक्षेप

### लापता बुजुर्ग की लाश मिलने से सनसनी

**बिलासपुर।** लापता बुजुर्ग की लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। शव को मरच्यूरी में रखवा दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा। चकरभाठा टीआई भावेश शेंडे ने बताया, वार्ड क्रमांक 14 चकरभाठा केम्प निवासी जगतार सिंह पिता स्व. गुरूदयाल सिंह 60 साल स्क्रैप का काम करते थे। 28 जून की सुबह 10 बजे घर से घूमकर आने की बात कहकर स्कूटी से निकले थे। काफी देर तक नहीं लौटने पर घरवाले देर रात तक पतासाजी करते रहे। नहीं मिलने पर घर लौट गए थे। 29 जून की सुबह हाईकोर्ट के आगे पेट्रोल पंप के बाजू से प्लाटिंग के पास बबूल के नीचे अर्धनग्न अवस्था में उनकी लाश व स्कूटी खड़ी हुई मिली है। सूचना पर पुलिस व एफएसएल की टीम मौके पर पहुंच गई। जांच में देरी होने के कारण शव मरच्यूरी में रखवा दिया गया है। 30 जून को पोस्टमार्टम कराया जाएगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### महिला से 89 हजार की आनलाइन ठगी

**बिलासपुर।** महिला से 89 हजार 600 रुपए की आनलाइन ठगी कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली टीआई देवेश सिंह राठौर ने बताया,खपरगंज निवासी तस्नीम शब्बीर कमाल पति शब्बीर हुसैन कमाल ने रिपोर्ट लिखाई। 28 जून को उनकी सहेली विना मुलचंदानी ने फोन कर कहा 10 हजार रुपए की आवश्यकता है। उसने गूगल पे के माध्यम से रुपए भेजने कहा। उन्होंने 10 हजार सहेली को फोन पे से भेजा तो पैसा नहीं जा रहा था। 29 जून को उन्होंने बैंक में जानकरी ली तो पता चला 12 जून को दोपहर 3.52 बजे यूपीआई के माध्यम से उनके बैंक खाते से 89 हजार 600 रुपए ट्रांसफर कर लिया गया है। उनके द्वारा बिना गोपनीय जानकारी दिए उनके बैंक खाते से पैसा ट्रांसफर कर लिया गया है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### विवि कर्मचारी पर लोहे की राड से हमला

**बिलासपुर।** कोटा डेम घूमने गए अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय के कर्मचारी पर नशेड़ी युवकों ने मारपीट कर लोहे की राड से हमला कर सिर फोड़ दिया है। वहीं उनकी बाइक तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दी गई है। पुलिस हमलावरों को नहीं पकड़ पाई है। कोटा पुलिस के अनुसार, तखतपुर सकेरी बांधा निवासी आशतोष पटेल पिता फुलचंद पटेल अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय के कम्प्यूटर के पद पर पदस्थ हैं। 27 जून को वे कोरीडेम घूमने गए थे। शाम 4 बजे नावघाट तरफ अकेले घूम रहे थे। इसी दौरान नशे में 4 से 5 युवक आए और उनके साथ गाली गलौज करने लगे। मना करने पर युवकों ने मारपीट करते हुए लोहे की राड से हमला कर सिर फोड़ दिया। आसपास के लोगों के द्वारा उन्हें कोटा अस्पताल पहुंचाया गया। वहां से उन्हें सिम्स रिफर कर दिया गया था। इलाज कराने के बाद 28 जून को उन्होंने घटना की रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर 4 से 5 अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपियों को नहीं पकड़ पाई है।




**बांध में अब भी 62 प्रतिशत जलभराव** — मानसून की लेटलतीफी से नहीं पड़ेगा कोई फर्क, बारिश हुई, तो जुलाई में ही हो जाएगा लबालब

# पानी के मामले में 'गरीब' नहीं रहेगा खूंटाघाट, इस साल भी चलेगा वेस्टवियर

**बिलासपुर।** जलभराव के मामले में जिले का सबसे बड़ा बांध खूंटाघाट इस साल भी गरीब नहीं रहेगा। आज की स्थिति में बांध में 62 प्रतिशत जलभराव उपलब्ध है, जिससे पूरी संभावना है कि मानसूनी बारिश की शुरूआत होते ही जुलाई महीने में ही बांध पूरी तरह लबालब होकर छलकने लगेगा।

जिले में मानसून के प्रवेश का औसत समय 16 जून है, लेकिन इस साल जून की समाप्ति तक भी मानसून का प्रवेश नहीं हो सका है। ऐसे में खरीफ सीजन की खेती प्रभावित होने से किसानों का चिंतित होना स्वाभाविक है। मौसम विभाग द्वारा भी बीते वर्षों की तुलना में इस साल कम बारिश होने के संकेत दिए गए हैं। जबकि अच्छी बात यह है कि कम बारिश होने की स्थिति में भी जिले का सबसे बड़ा बांध खारंग अपने शत प्रतिशत जलभराव तक पहुंच जाएगा व किसानों को सिंचाई के लिए भरपूर पानी उपलब्ध करा सकेगा। वर्तमान में बांध में 62 प्रतिशत जलभराव है, जिससे इस साल भी वेस्टवियर की स्थिति तय है। सिंचाई विभाग का तो यहां तक दावा है कि बारिश के शुरूआती दौर जुलाई महीने में खारंग जलाशय शत प्रतिशत जलभराव के साथ वेस्टवियर की स्थिति में पहुंच जाएगा।

### किसानों को भी जरूरत पर मिलेगा पानी



मानसून ने भले ही लेटलतीफी करके किसानों को परेशान कर रखा है, लेकिन लगातार यही स्थिति रही तो खारंग जलाशय से किसानों के लिए पानी छोड़ा जा सकता है। हालांकि अब भी ज्यादातर स्थानों पर बोनी व कई स्थानों पर तो अब तक जुताई ही प्रारंभ नहीं हो सकी है, जिससे खेती प्रभावित होने का भय है। चूंकि अभी खेती व बारिश दोनों ही अपनी प्रारंभिक स्थिति में हैं, जिससे बांध से पानी छोड़ने में जल्दीबाजी करना भविष्य के लिए नुकसानदायक हो सकता है। यही कारण है कि सिंचाई विभाग द्वारा फिलहाल मानसूनी बारिश की स्थिति का आंकलन किया जा रहा है।

### पिछले कई सालों से बेहतरीन संयोग

खारंग जलाशय जलभराव के मामले में बीते कई सालों से संपन्नता लिए हुए है। बीते साल हुए जलभराव का बचा हुआ पानी ही इतना होता है कि खारंग को बारिश के मौसम में पूरी तरह भरने व वेस्टवियर की स्थिति तक पहुंचने में कोई जद्दोजहद नहीं करनी पड़ती। बारिश के शुरूआती एक से ड़ेढ़ महीने में ही खारंग वेस्टवियर की स्थिति में पहुंच जाता है। बीते साल तो यह स्थिति और भी अच्छी रही। खारंग जलाशय लगातार डेढ़ से दो महीने तक वेस्टवियर की स्थिति में रहा।

### पानी की नहीं होगी कमी

खारंग जलाशय में अभी अभी 62 प्रतिशत जलभराव उपलब्ध है। बारिश काफी लेट होने या कम होने की स्थिति में भी जलाशय अपने शत प्रतिशत जलभराव वाली स्थिति को प्राप्त कर लेगा व वेस्ट वियर की स्थिति तक पहुंच जाएगा। बारिश की स्थिति का जुताई व बोनी तक अवलोकन किया जा रहा है। इसके बाद भी बारिश कम होने या नहीं होने की स्थिति में बांध से आवश्यकतानुसार किसानों के लिए पानी छोड़ा जा सकता है।

-एमके चंद्रा, ईई खारंग डिवीजन

**पिछले 10 सालों से एक एक भी हॉस्टल और कोचिंग सेंटर वालों ने जीएसटी नहीं पटाया**

# आवासीय भूखंड पर कोचिंग और हॉस्टल, न पार्किंग न रजिस्ट्रेशन, छात्रों से वसूल रहे लाखों की फीस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गांधी चौक से लेकर शिव टाकीज चौक तक का एरिया नया जाम जोन बन गया है। दरअसल इस क्षेत्र में आवासीय भूखंड पर कोचिंग सेंटर से लेकर व्यावसायिक काम्प्लेक्स बन गए हैं। इनके पास ना तो पार्किंग की जगह है ना ही व्यवस्था। सड़कों पर गाड़ियां खड़ी रहती हैं। खासकर शाम के समय तो उस सड़क से निकलना मुश्किल हो जाता है। ना ट्रैफिक पुलिस और ना ही निगम इस पर ध्यान दे रहा है। बिना अनुमति और नक्शा पास कई दुकान और मकान भी बन गए हैं। इसके साथ ही जो कोचिंग और हॉस्टल चलाए जा रहे हैं, उनका निगम में रजिस्ट्रेशन तक नहीं है। निगम अधिकारी मामले में रिकॉर्ड बनाना दूर यह जानते तक नहीं है कि कहां कितने हास्टल संचालित हो रहे हैं। इन हास्टलों के संचालक ना तो निगम को टैक्स देते हैं और ना ही जीएसटी का भुगतान करते हैं। पिछले 10 सालों से एक एक भी हास्टल और कोचिंग सेंटर वालों ने जीएसटी नहीं पटाया है। अधिकारी भी कभी जांच करने नहीं पहुंचते।

- कई भवनों का तो नक्शा तक पास नहीं

शहर जैसे-जैसे शिक्षा का हब बनता जा रहा है, बाहर से आकर पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की संख्या में भी बढ़ोतरी हो रही है। इसे देखते हुए अतिरिक्त कमाई के लिए लोग अपने घरों को हॉस्टल का रूप देकर छात्र-छात्राओं को रहने की सुविधा दे रहे हैं। वहीं अधिकांश मकान मालिक हॉस्टल खोलने के मापदंड को दरकिनार करते हुए बिना नियमों का पालन किए अवैध तरीके से इसका संचालन कर रहे हैं। इसमें अवैध गर्ल्स हॉस्टल सुरक्षा के लिहाज से अधिक संवेदनशील हैं। इसके साथ ही कोचिंग सेंटर वाले छात्रों से लाखों रुपए की फीस के साथ जीएसटी ले रहे हैं लेकिन इसका टैक्स नहीं पटा रहे हैं।




### निगम में रजिस्ट्रेशन, थाने में सूचना जरूरी

गौरतलब है कि कोचिंग और हॉस्टल संचालित करने के लिए जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई हॉस्टल खोलता है तो सबसे पहले उसे नगर निगम में रजिस्ट्रेशन कराना होगा। साथ ही संबंधित थाने में लिखित सूचना देनी होगी और रहने वालों की संख्या बताते हुए उनकी सुरक्षा का स्तरीय इंतजाम होने का ब्योरा देना होगा, पर ऐसा नहीं हो रहा है। हाल यह है कि निगम में पंजीयन तक नहीं कराया जा रहा है। वहीं संबंधित थाने में भी इसकी सूचना नहीं दी जा रही है। ऐसे में अगर कोई अप्रिय वारदात होने पर पुलिस मामले की जांच तो करती है पर उनका कहना होता है कि उन्हें हॉस्टल संचालित होने की जानकारी ही नहीं थी। साथ ही छोटी छोटी जगहों पर कोचिंग खुल रही है लेकिन किसी की जानकारी प्रशासन के पास नहीं है।

### रिपोर्ट बनाई जा रही

इस पर भी ध्यान दिया जा रहा है। कितने कोचिंग सेंटरों ने टैक्स जमा नहीं किया है या रजिस्ट्रेशन नहीं है इसकी पूरी रिपोर्ट बनाई जा रही है। वसूली के साथ पेनाल्टी भी होगी।

- प्रकाश कुमार सर्वे, निगम आयुक्त

### आवासीय नक्शे में जारी है व्यावसायिक काम

शहर में आवासीय का नक्शा पास कराकर कोचिंग और हॉस्टल के रूप में कुछ लोग जगह का व्यावसायिक उपयोग कर रहे हैं। इससे उन्हें तो मोटी कमाई हो रही है पर निगम के हाथ कुछ नहीं लगता। शहर की घनी आबादी में चलने वाले हॉस्टलों में रहने वालों को बकायदा खुद भोजन पकाने की सुविधा भी दी जाती है। इसके अलावा छोटी सी जगह पर हॉस्टलरों की भीड़ होने से अग्नि सुरक्षा की दृष्टि से भी खतरनाक स्थिति मानी जाती है। जबकि भवन मालिक आग से सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं रखते।

### इन क्षेत्रों में अधिक हॉस्टल

गांधी चौक, दयालबंद, टिकरापारा, राजेंद्र नगर, विनोबा नगर, विद्या नगर, क्रांति नगर, भारतीय नगर, प्रियदर्शनी नगर, अज्ञेय नगर, नेहरू नगर, नर्मदा नगर, बंधवापारा, कोनी समेत शहर के मध्य व अरपापार सरकंडा, मंगला चौक से लेकर उसलापुर ब्रिज समेत अन्य क्षेत्रों में अवैध हॉस्टलों की बाढ़ आ गई है।

### शहर में केवल 58 हॉस्टल वैध

नगर निगम के रिकॉर्ड के अनुसार शहर में केवल 58 हास्टल संचालकों ने ही विधिवत अनुमति ली है। शेष हॉस्टल के संदर्भ में किसी को जानकारी भी नहीं है। वैध हॉस्टल से निगम को चार लाख 45 हजार रुपए बतौर टैक्स मिलता है। सभी से टैक्स लिया जाए तो निगम की कमाई लाखों में पहुंच जाएगी।

### बारिश थमते ही सड़क पर लगा लंबा जाम




**बिलासपुर।** शहर में सोमवार की शाम हुई जोरदार बारिश से बचने के लिए लोगों को मुख्यमार्गों पर स्थित मकान व दुकानों में शरण लेनी पड़ी। वे लंबें समय तक बारिश थमने का इंतजार करते रहे। इस दौरान शहर की सड़कें दुपहिया वाहन व पैदल यात्रियों से पूरी तरह वीरान हो गई थीं, केवल चारपहिया वाहन ही दौड़ रहे थे। इधर बारिश थमते ही मकान-दुकानों में शरण लेकर बैठे राहगीरों ने अचानक अपने-अपने गंतव्य की ओर जाना शुरू किया, जिससे मंगला चौक व नर्मदा नगर में लंबा जाम लग गया। जाम ऐसा था कि दुपहिया-चारपहिया सारे वाहनों को आधे से एक घंटे तक वहीं फंसे रहना पड़ा। काफी मशक्कत व इंतजार के बाद आवागमन सुचारू हो सका।

# लाठी तलवार से हमला करने वाले चार युवक गिरफ्तार

## आरोपियों ने घर में घुसकर की थी मारपीट



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गाड़ी से टक्कर मारकर युवकों पर लाठी तलवार से हमला करने के मामले में फरार 4 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

सरकण्डा टीआई प्रदीप आर्या ने बताया, 26 जून की रात 11.30 बजे निखिल ध्रुव अपने साथी आदित्य दास महंत, रवि गंधर्व के साथ अपोलो चौक पर खड़े थे। इसी दौरान युवकों ने छोटा हाथी से उन्हें टक्कर मार दी। उसके बाद लाठी से मारपीट कर तलवार से हमला कर दिया गया था। पीड़ित एक मकान के अंदर घुसे तो हमलावर युवक के द्वारा घर में घुसकर बेरहमी से मारपीट की गई थी। पुलिस ने निखिल ध्रुव की रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 115, 2, 351, 3, 191, 2, 191, 3, 331, 2 व 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर लिया था। घटना के दौरान मौके पर जमकर हंगामा हुआ था। मारपीट के बाद युवक फरार हो गए थे।

पुलिस ने उक्त मामले में फरार आरोपी लिंगियाडीह निवासी सन्नी अहिरवार उर्फ बउवा पिता विजय अहिरवार 20 साल, संजय विश्वकर्मा उर्फ संजू पिता दिलीप विश्वकर्मा 20 साल, मुकेश यादव उर्फ मुक्की पिता राजकुमार यादव 25 साल, राहुल यादव उर्फ छोटू पिता संतोष यादव 26 साल को गिरफ्तार कर लिया है।

# चोर पकड़े जाने पर 6 दिन बाद लिखी गई चोरी की रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

चोर पकड़े जाने पर 6 दिन बाद चोरी की रिपोर्ट लिखी गई है। घटना के दिन पीड़ित से लिखित शिकायत लेकर चलता कर दिया गया था।



सीपत पुलिस के अनुसार, मटियारी निवासी कपिल कुमार शिकारी पिता रामकुमार शिकारी 23 जून को 25 नग बकरा बकरी चराने के लिए ग्राम जांजी के चोहका खार की तरफ गया था। दोपहर 12 बजे सभी बकरा बकरियों को मटियारी बाबाधाम तालाब के पास छोड़कर खाना खाने चला गया। दोपहर 1 बजे वह खाना खाने के बाद तालाब के पास आया तो सभी बकरी चोरी हो गई थी। चोरी गई बकरी की कीमत 1 लाख 25 हजार रुपए बताई जा रही है। पीड़ित चोरी की रिपोर्ट लिखाने सीपत थाने आया। उनके चोरी की लिखित शिकायत लेकर थाने से चलता कर दिया गया था। 28 जून को रतनपुर पुलिस ने बकरी चोरी करने वाले जबलपुर निवासी बबलू खान, अमूर खान, अमीन खान, हबीम खान, शाहरूख खान व रतनपुर कर्रा निवासी मोहम्मद अछ्छन को गिरफ्तार कर स्कार्पियों व बिक्री रकम जब्त की गई थी। पूछताछ में आरोपियों ने सीपत से कपिल कुमार शिकारी की 25 नग बकरी चोरी कर बेचना स्वीकार किया। उसके बाद नींद से जागी सीपत पुलिस ने 6 दिन बाद 28 जून को कपिल कुमार शिकारी की शिकायत पर बीएनएस की धारा 303, 2 के तहत जुर्म दर्ज किया गया है। इसी तरह कोटा थाने में भी आरोपियों के पकड़े जाने के बाद 9 लाख रुपए की ठगी की रिपोर्ट लिखा गया था। टीआई राजेश मिश्रा ने कहा आरोपियों के पकड़े जाने की सूचना पर पीड़ित को थाने में बुलाकर एफआईआर दर्ज किया गया है।

# कोयले की हेराफेरी, फरार दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोयला हेराफेरी के मामले में फरार दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

15 जून को चिल्हाटी श्यामा विहार निवासी कप्तान सत्यनारायण ने रिपोर्ट लिखाई। कोरबा एसीसीएल कोल माइंस से ट्रक क्रमांक सीजी 10 ईसी 5488, सीजी 10 बीटी, 6138, सीजी 15 ईजी, 5055 में कोयला लेकर राशि स्टील एंड पावर लिमिटेड लाया गया। जांच में तीनों वाहनों में मिलावटी कोयला पाया गया। उसके बाद तीनों





- 15 जून को लिखाई गई थी मामले की रिपोर्ट

ड्राइवर वहां से भाग गए। रास्ते में जी 11 कोयला बेचकर मिलावटी कोयला मिक्स किया गया था। पुलिस ने उक्त मामले में फरार आरोपी वैभव सोनी उर्फ चुकलू पिता स्व. जगदीप सोनी 30 साल भनेसर जयरामनगर, निखिल साहू पिता स्व. मनोहर लाल साहू 33 साल गोल्डनपार्क बोदरी चकरभाठा निवासी को गिरफ्तार कर लिया है।

पूर्व में उक्त मामले में पुलिस ने कोलडिपो संचालक आकास सिंघल देवरीखुर्द, वाहन मालिक सूरज सिंह सक्ति नगर दीपका कोरबा, वाहन मालिक सुनीत यादव अशोक नगर सरकण्डा, डाइवर जयकांत यादव झारखंड निवासी को गिरफ्तार किया गया था।

# ग्रामीण को नाबालिग ने मारा चाकू, सिम्स में भर्ती

**बिलासपुर।** बारिश होने पर घर के पास खड़े ग्रामीण पर 15 साल के नाबालिग ने विवाद कर कमर के पास चाकू से जानलेवा हमला कर दिया है। गंभीर अवस्था में ग्रामीण को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस हमलावर को नहीं पकड़ पाई है।



अस्पताल में भर्ती घायल

कोटा थाना प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी आकाश चौधरी ने बताया, 29 जून की शाम 7.30 बजे बारिश होने पर पड़ावपारा निवासी मनोज कुमार घर के बाहर खड़े हुए थे। इसी दौरान 15 साल का नशेड़ी नाबालिग आया और उनके साथ किसी बात लेकर विवाद कर गाली गलौज करने लगा। गाली देने से मना करने पर नाबालिग से मारपीट कर चाकू से कमर के पास जान लेवा हमला कर दिया है। चाकूबाजी की वारदात से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

परिजन उन्हें इलाज के लिए कोटा अस्पताल लेकर गए। जहां उनकी स्थिति को देखते हुए सिम्स रिफर कर दिया। परिजन के द्वारा उन्हें इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। देर रात तक पुलिस हमलावर को नहीं पकड़ पाई थी।

### आरएसएस ने मनाया हिन्दू साम्राज्य दिनोत्सव

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बाल कार्य विभाग द्वारा आज बाल स्वयंसेवकों के मध्य कक्षा 5 से 9 के पढ़ने वाले स्वयंसेवकों का संघ के द्वितीय उत्सव हिंदवी स्वराज की स्थापना को लेकर किया जाने वाला हिन्दू साम्राज्य दिनोत्सव सरस्वती शिशु मंदिर तिलक नगर विद्यालय में संपन्न हुआ। इसमें मुख्य वक्ता राजकुमार कश्यप सह कार्यवाह ने बाल स्वयंसेवकों को छत्रपति शिवाजी महाराज के गुण, व्यक्तित्व, युद्ध कौशल की नीति, मालवों का संगठन व देश भक्ति व्यक्ति में किस प्रकार निर्मित होती है इन सभी बातों का उल्लेख करते हुए समाज में एक अच्छे चरित्र का निर्माण कर स्वयंसेवको को ठीक उसी प्रकार संघ की शाखा मे हम खेल व्यायाम और बौद्धिक के माध्यम से सभी बाल स्वयंसेवकों को बताई। उन्होंने संघ की प्रार्थना में पांच गुण के बारे में बताते हुए अपना उद्बोधन समाप्त किया। कार्यक्रम में विश्वास जलताडे, चंद्रप्रकाश श्रीवास, बाल कार्य प्रमुख लोमेश शिंदे, सायं भाग कार्यवाह श्रीरंग काले, हर्षवर्धन भोसले, अखिल शुक्ला, संतोष मौर्य, नागेन्द्र शर्मा, संदीप सोनी, आदर्श, यश, वैभव आदि स्वयंसेवक उपस्थित रहे।




### चाकू दिखाकर धमकाने वाला बदमाश गिरफ्तार

**बिलासपुर।** चाकू दिखकर लोगों को डराने धमकाने वाले बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। चकरभाठा टीआई भावेश शेंडे को सूचना मिली ग्राम धमनी अटल चौक में एक बदमाश चाकू दिखाकर आने जाने वाले लोगों को डरा धमकाकर हंगामा मचा रहा है। उन्होंने स्टाफ के साथ मौके पर घेराबंदी करते हुए धमनी निवासी अमित सूर्यवंशी पिता संतोष सूर्यवंशी 35 साल को पकड़कर चाकू बरामद कर लिया है। पुलिस ने 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### पीजी में प्रवेश के लिए 5400 स्टूडेंट्स ने कराया रजिस्ट्रेशन

**बिलासपुर।** अटल यूनिवर्सिटी से संबद्ध कालेजों में स्नातकोत्तर पाठयक्रमों में प्रवेश के लिए आनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू हो गया है। अभी तक यूनिवर्सिटी के प्रवेश पोर्टल में करीब 5400 स्टूडेंट्स ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया है।

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी किए गए प्रवेश मार्गदर्शिका सिद्धांत एवं अकादमिक कैलेंडर के अनुसार स्नातकोत्तर पाठयक्रमों में प्रवेश दिया जाना है। इसके लिए अटल यूनिवर्सिटी ने संबद्ध कालेजों में स्नातकोत्तर पाठयक्रमों में प्रवेश संबंधी कार्यक्रम जारी किया है। कालेजों में स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश के पहले यूनिवर्सिटी वेबसाईट पर उपलब्ध आनलाइन प्रवेश पोर्टल में छात्र-छात्राओं को रजिस्ट्रेशन कराना पड़ेगा। आनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया 25 जून से शुरु हो गई है और 22 जुलाई तक रजिस्ट्रेशन कराया जा सकता है। स्नातक उत्तीर्ण करने के पश्चात स्नातकोत्तर पाठयक्रमों में प्रवेश के लिए अभी तक लगभग 5400 छात्र-छात्राओं ने आनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया है। आनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया यूनिवर्सिटी के पोर्टल में अभी जारी है और 22 जुलाई को अंतिम तिथि के बाद 23 जुलाई को यूनिवर्सिटी द्वारा कालेजों को आनलाइन माध्यम से संस्था के डैशबोर्ड पर रजिस्ट्रेशन कराने वाले छात्र-छात्राओं की सूची उपलब्ध करा दिया जाएगा।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152